धनबाद
शुक्रवार 28.02.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-9 पृष्ठ-12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-1
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर






# संपादकीय

## आखिर इतना अहंकारी कोई क्यों हो जाता है खिलाड़ी?

भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर धांसू बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट करने के बाद पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद ने जिस तरह से अपनी गर्दन तरेरी और शुभमन को पैवेलियन लौटने का इशारा किया, उस फूहड़ अंदाज की हर कोई आलोचना कर रहा है. भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का तो नाराज होना स्वाभाविक ही था, पाकिस्तान की ओर से वर्षों क्रिकेट खेलने वाले वसीम अकरम ने भी इसकी आलोचना की है. हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अबरार ने इस तरह की अहंकारी हरकत की हो! अहंकार में चूर रहने वाले और भी कई खिलाड़ी रहे हैं लेकिन सवाल है कि अबरार जब देख रहे थे कि उनकी टीम मजबूत स्थिति में नहीं है इसके बावजूद इस तरह की हरकत का मतलब है कि अहंकार उनके स्वभाव में है. क्रिकेट में ही क्यों, मनुष्य की जिंदगी में हर ओर अहंकार भरा है.

तो सवाल है कि ये अहंकार है क्या और मनुष्य के चेतन में मौजूद विवेक इसे क्यों नहीं रोक पाता? यदि आप विश्लेषण करें तो अहंकार वहीं पैदा होता है जहां अंधकार और अज्ञानता का वास होता है. यहां अंधकार का मतलब अंधेरे से बिल्कुल नहीं है. बाहरी अंधकार को तो दीपक की एक लौ या बिजली के एक बल्ब से तत्क्षण दूर किया जा सकता है. बात है आंतरिक अंधकार की. जब आप किसी विषय को केवल अपने नजरिये से देखने के आदी हो जाते हैं तो उस विषय के दूसरे आयाम देख नहीं पाते. दूसरे के देखने का नजरिया आप समझ नहीं पाते हैं.जब तक आप समग्र दृष्टिकोण से विषय को नहीं समझेंगे, खुद के प्रति भी न्याय नहीं कर सकते.



ऐसी स्थिति में आपके भीतर का तत्व विकसित नहीं होगा और आपको लगेगा कि आप जो कर रहे हैं, जो सोच रहे हैं वही सत्य है! फिर आपका विवेक मरने लगता है. चूंकि मन तक ज्ञान का प्रकाश नहीं पहुंच पाता इसलिए अंधेरा और घना व गहरा होता जाता है. अबरार तो महज एक उदाहरण हैं. इस तरह के हजारों अबरार आपको इधर-उधर बिखरे मिलेंगे. दो पैसे क्या कमा लिए, थोड़ी सी शोहरत क्या पा ली, अहंकार की ज्वाला भभकने लगती है. इसीलिए भारतीय परंपरा में उपनिषद के श्लोक 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' को जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण श्लोक के रूप में स्वीकार किया गया है. इसका अर्थ है, हे प्रभु, हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो! प्रकाश का अर्थ है ज्ञान का प्रकाश! जिंदगी जब ज्ञान के प्रकाश से आलोकित होती है तो मनुष्यता निखर उठती है. आपने देखा होगा कि कोई गेंदबाज यदि अच्छी गेंद फेंकता है तो बीट होने के बावजूद बल्लेबाज इशारों ही इशारों में गेंदबाज को संदेश देता है कि गेंद शानदार थी! ठीक इसी तरह जब आप किसी के कौशल और काबिलियत की प्रशंसा करते हैं तो उससे आपका कद बड़ा होता है. किसी को नीचा दिखाने की हर हरकत आपको प्रकाश से बहुत दूर, अंधेरे की ओर ले जाती है. इंसानियत का तकाजा यही है कि आप एक अच्छे इंसान बनें. अच्छा इंसान बनने के लिए जरूरी है कि आपके भीतर सात्विकता पनपे. अपनी सफलता पर गर्दन तरेरने से जिंदगी में ऋणात्मकता का वास होता है. ऐसी स्थिति में आप जिंदगी के किसी भी खेल में विजयी नहीं हो सकते और न ही कोई जंग जीत सकते हैं!

## छल-कपट सीखता एआई और खत्म होती नैतिकता का संकट

**हेमधर शर्मा**

दुनिया में भले ही अनगिनत प्रजातियों के जीव रहते हों लेकिन ईमानदारी और बेईमानी कदाचित हम मनुष्यों की ही विशेषता रही है. इसलिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली हो सकती है कि एआई (आर्टिफिशियल इंजेलिजेंस) ने अच्छी-खासी बेईमानी सीख ली है. चूंकि वह 'ट्रायल एंड एरर' का उपयोग करके समस्याओं को हल करना सीखता है, इसलिए असंभव नहीं है कि यह जल्दी ही हम मनुष्यों के नियंत्रण से बाहर हो जाए, क्योंकि उसका लक्ष्य किसी भी तरीके से समस्या समाधान करना होता है. रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च के एक अध्ययन से पता चला है कि एआई मॉडल जब शतरंज जैसे खेल में हारने लगता है तो अपने प्रतिद्वंद्वी को हैक करके खेल को अपने पक्ष में करने की कोशिश करता है अर्थात एआई मॉडल जब मुश्किल में होते हैं, तो नियमों से खेलने के बजाय अप्रत्याशित तरीके अपनाने लगते हैं. परीक्षण के दौरान ओपन एआई के मॉडल ओ1-प्रिव्यू ने 37 प्रतिशत बार धोखाधड़ी करने की कोशिश की, जबकि डीपसीक आर1 ने 11 प्रतिशत बार ऐसा किया. बेईमानी हम इसीलिए करते हैं कि वह किसी समस्या के समाधान का शॉर्टकट उपलब्ध कराती है. चूंकि हम उसके साइड इफेक्ट को जानते हैं और अनुभव से हमें पता होता है कि दीर्घावधि में वह हानिकारक होती है, इसलिए हम ईमानदार बने रहने की कोशिश करते हैं. लेकिन एआई को तो सिर्फ साध्य से मतलब है, साधन अच्छा है या बुरा, इससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता. बेईमानी करके भी उसके भीतर कोई अपराधबोध पैदा नहीं होता, क्योंकि उसमें न तो संवेदना होती है और न ही नैतिकता! यही कारण है कि जैसे-जैसे क्षमता बढ़ेगी, उसे नियंत्रित करना मुश्किल होता जाएगा. ओपन एआई के परीक्षण के दौरान ओ1 ने कंपनी की प्रणाली में एक खामी का फायदा उठाते हुए एक परीक्षण चुनौती को बायपास कर दिया था. जाहिर है कि मनुष्यों की बनाई चीजों में कुछ न कुछ खामियां तो रहेंगी ही लेकिन उन खामियों को बताकर उन्हें दूर करने की बजाय एआई जब उनका फायदा उठाने लगेगा तो उससे होने वाले नुकसान की शायद अभी हम कल्पना भी नहीं कर सकते! चूंकि एआई को हम मनुष्यों ने ही बनाया है, इसलिए उसमें जाने-अनजाने हमारी सारी अच्छी-बुरी विशेषताएं और पूर्वाग्रह भी आ गए हैं. जैसे धोखा देना तो उसने सीख ही लिया है, अपराधी प्रकृति के बुरे मनुष्यों के बारे में उससे पूछा जाए तो आमतौर पर वह अश्वेतों की ही इस रूप में कल्पना करता है! बेशक हम मनुष्य इस दुनिया के सबसे बुद्धिमान प्राणी हैं, लेकिन हकीकत यह भी है कि धरती के सारे प्राकृतिक संसाधनों और मनुष्येतर प्राणियों का (यहां तक कि कमजोर मनुष्यों का भी) हमने अपनी सुख-सुविधा के लिए ही इस्तेमाल किया है. हम मनुष्यों के ट्रायल एंड एरर की दिशा यही रही है कि अपनी सुख-सुविधा के लिए बाकी सब का अधिक से अधिक शोषण कैसे किया जाए. फिर जब हम मशीनों को अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की छूट देते हैं तो उनसे छल-कपट के अलावा और क्या सीखने की उम्मीद कर सकते हैं ?हम मनुष्यों को तो भगवान ने अंतरात्मा नाम की एक अदृश्य चीज भी दी है, जो बुराई के पथ पर ज्यादा आगे बढ़ने से हमें रोकती रहती है, लेकिन मशीनें तो इस स्वानुशासन से भी मुक्त हैं; फिर ऐसे में जब वे हमें धोखा देने में महारत हासिल कर लेंगी तो उनके कहर से हमें कौन बचाएगा? ताजा खबर है कि चीन में एक इवेंट में एआई रोबोट दर्शकों पर घूंसे बरसाने लगा. कहीं यह भविष्य की झलक तो नहीं!

## आज का कार्टून

वीडियो कॉल पर था पति, महिला ने मोबाइल फोन को ही लगवा दी संगम में डुबकी




## शेख हसीना सरकार गिराने वालों की नई सियासी चाल से भारत चिंतित

> बांग्लादेश की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर एक भारतीय विशेषज्ञ का मत था कि इस नए राजनीतिक दल का उदय नई दिल्ली के लिए चिंता का प्रमुख कारण होना चाहिए. नाम न बताने की शर्त पर विशेषज्ञ ने ईटीवी भारत को बताया, यह नई पार्टी हिज्ब-उत-तहरीर जैसी इस्लामी ताकतों के तत्वों द्वारा बनाई जा रही है. वे धांधली वाले चुनाव कराने जा रहे हैं, जिसका वे दावा करेंगे कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे. एक बार जब वे संसद में प्रवेश करेंगे, तो वे देश की आधिकारिक भाषा, संस्कृति, ध्वज, संविधान, कानूनी प्रणाली और पूरे देश की पहचान को बदलने की कोशिश करेंगे. विशेषज्ञ ने विचार व्यक्त किया कि भारत को सक्रिय कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि बदलता बांग्लादेश क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा होगा.

**अरुणिम भुयान**

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के एक प्रमुख सदस्य नाहिद इस्लाम ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. अब वो एक नए राजनीतिक दल का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसका गठन छात्र आंदोलन (एडीएसएम) और जातीय नागरिक समिति (जेएनसी) के नेताओं द्वारा इस सप्ताह किया जाना है. भारत अपने पूर्वी पड़ोसी देश में राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर बनाये हुए है.

कौन है नाहिद: जुलाई 2024 में सरकारी नौकरियों में कथित भेदभाव के खिलाफ छात्रों के विद्रोह में नाहिद ने अहम भूमिका निभाई थी, जो बाद में एक बड़े पैमाने पर विद्रोह में बदल गया और प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया. पिछले साल 5 अगस्त को हसीना बांग्लादेश से भाग गईं और भारत में शरण ली. तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में ढाका में एक अंतरिम सरकार स्थापित की गई. नई अंतरिम सरकार में छात्र आंदोलन से जुड़े प्रमुख लोगों जैसे नाहिद और आसिफ महमूद को शामिल किया गया. इसके बाद संकेत मिल रहे थे कि प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा किया जा सकता है. अंतरिम सरकार का प्राथमिक कार्य एक नया, समावेशी संविधान तैयार करना और लोकतांत्रिक शासन को बहाल करने के लिए आम चुनाव आयोजित करना था. हालांकि, अंतरिम सरकार के प्रयासों के बावजूद, बांग्लादेश को निरंतर उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है.

मंगलवार को अंतरिम सरकार से इस्तीफा देने के बाद नाहिद ने कहा कि जुलाई के विद्रोही बलों को एकजुट करने में उनकी भूमिका सरकार के भीतर की अपेक्षा बाहर अधिक प्रभावी होगी. ढाका ट्रिब्यून ने उनके इस्तीफे के बाद ढाका में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके हवाले से कहा, मैं सरकार की तुलना में सड़कों पर बड़ी भूमिका निभा सकता हूं. ताकि जन विद्रोह में भाग लेने वाली ताकतों को एकजुट किया जा सके. मैं सरकार में नहीं, बल्कि लोगों के साथ काम करना चाहता हूं. लोगों के साथ जो किया जा सकता है, वह सरकार में रहते हुए संभव नहीं है. इसके अलावा, मैं राजनीति के लिए सड़कों पर रहना पसंद करता हूं.

सोमवार शाम को जेएनसी और एडीएसएम, जिसकी नेता नाहिद थीं, ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वे 28 फरवरी को ढाका में एक रैली के दौरान एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा करेंगे. एडीएसएम और जेएनसी दोनों के नेताओं ने 'आपकी नज़र में नया बांग्लादेश' नाम से जनमत सर्वेक्षण अभियान शुरू किया था, जो 5 फरवरी को शुरू हुआ था. इस पहल का उद्देश्य नई राजनीतिक पार्टी के गठन के बारे में जनता की भावना को समझना था. जेएनसी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन के अनुसार, रविवार दोपहर तक 2 लाख से ज़्यादा लोगों ने सर्वेक्षण में हिस्सा लिया था. बांग्लादेश मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार नई पार्टी के लिए जुलाई विद्रोह से जुड़े कई नाम सुझाए गए. जिनमें जनता दल, नोटुन बांग्लादेश पार्टी, बिप्लबी कैल, नागरिक शक्ति, छात्र जनता पार्टी, बांग्लादेश बिप्लबी पार्टी, रिपब्लिक पार्टी और जातीय शक्ति शामिल हैं. बांग्लादेश में छात्र नेताओं और



नागरिक समाज समूहों द्वारा समर्थित एक नई राजनीतिक ताकत के उदय पर भारत की भी कड़ी नजर रहेगी. क्योंकि इसमें देश की विदेश नीति को पुनर्संयोजित करने की क्षमता है.

1971 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत के साथ देश के संबंध सत्तारूढ़ पार्टी के रुख के आधार पर उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं. जहां कुछ सरकारों ने नई दिल्ली के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं. वहीं अन्य ने अधिक प्रतिकूल रुख अपनाया है. बांग्लादेश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग ने भारत के साथ सामान्यतः अनुकूल संबंध बनाए रखे थे, जिसका मुख्य कारण 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान नई दिल्ली का समर्थन था.

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जो वर्तमान में अवामी लीग शासन को हटाने के बाद शीघ्र चुनाव की मांग कर रही है, ऐतिहासिक रूप से भारत के प्रति अधिक सशंकित रही है तथा भारतीय प्रभाव से स्वतंत्र एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान की वकालत करती रही है. 1986 में सैन्य शासक जनरल हुसैन मुहम्मद इरशाद द्वारा स्थापित जातीय पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से मध्यमार्गी रुख अपनाया है तथा भारत और चीन दोनों के साथ संबंधों में संतुलन बनाए रखा है. जमात-ए-इस्लामी (जेआई) एक दक्षिणपंथी इस्लामवादी पार्टी है. जिसने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध किया और 1971 में पाकिस्तान का पक्ष लिया. यह बांग्लादेशी राजनीति में एक विवादास्पद खिलाड़ी रहा है, जिस पर अक्सर चरमपंथ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाता है.

जेआई ने ऐतिहासिक रूप से भारत विरोधी रुख बनाए रखा है, धर्मनिरपेक्ष नीतियों का विरोध किया है और पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंधों की वकालत की है. बीएनपी-जमात गठबंधन सरकार (2001-2006) के दौरान, भारत ने जमात के नेताओं पर चरमपंथियों को शरण देने और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था. 2013 से पार्टी के पंजीकरण पर प्रतिबंध और उसके नेताओं के खिलाफ युद्ध अपराध के मुकदमों के बाद से पार्टी का राजनीतिक प्रभाव कम हो गया है. इन सबके मद्देनजर नई दिल्ली ऐसे राजनीतिक परिवर्तन के प्रति सतर्क रहेगी, जो उसके पूर्वी पड़ोसी के साथ कम सहयोगात्मक रुख अपनाने की वकालत करने वाले समूहों को सशक्त बना सकता है.बांग्लादेशी शिक्षाविद और राजनीतिक पर्यवेक्षक शरीन शाहजहां नाओमी के अनुसार, ए.डी.एस.एम. और जे.एन.सी. द्वारा गठित की जाने वाली नई राजनीतिक पार्टी संभवतः वामपंथी-उदारवादी होगी. जिस पर इस्लामवादी प्रभाव अधिक होगा. नाओमी ने ईटीवी भारत से कहा, पिछले साल जिस तरह से उन्होंने हसीना के खिलाफ आंदोलन चलाया था, वह मौलाना अब्दुल हामिद खान भशानी की उप-राजनीतिक राजनीति से काफी मिलता-जुलता था. नाओमी ने कहा, मैं यह देख सकती हूं कि प्रस्तावित नई पार्टी में 1971 के मुक्ति संग्राम की भावना होने की संभावना नहीं है. अब सवाल यह उठता है कि अगर बांग्लादेश में अभी संसदीय चुनाव कराए जाएं तो नई पार्टी की संभावनाएं क्या होंगी. जहां तक ??भारत का सवाल है, उन्होंने कहा कि नई पार्टी का उदय अल्पावधि में चिंता का कारण हो सकता है. लेकिन इसका दीर्घकालिक प्रभाव नहीं होगा.

बांग्लादेश की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर एक भारतीय विशेषज्ञ का मत था कि इस नए राजनीतिक दल का उदय नई दिल्ली के लिए चिंता का प्रमुख कारण होना चाहिए. नाम न बताने की शर्त पर विशेषज्ञ ने ईटीवी भारत को बताया, यह नई पार्टी हिज्ब-उत-तहरीर जैसी इस्लामी ताकतों के तत्वों द्वारा बनाई जा रही है. वे धांधली वाले चुनाव कराने जा रहे हैं, जिसका वे दावा करेंगे कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे. एक बार जब वे संसद में प्रवेश करेंगे, तो वे देश की आधिकारिक भाषा, संस्कृति, ध्वज, संविधान, कानूनी प्रणाली और पूरे देश की पहचान को बदलने की कोशिश करेंगे. विशेषज्ञ ने विचार व्यक्त किया कि भारत को सक्रिय कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि बदलता बांग्लादेश क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा होगा.

## अमेरिका को भारी पड़ सकती है ट्रम्प की शैली?

> अमेरिका का नया निजाम अवाम पर बेहद भारी पड़ रहा है. वे मतदाता भी सकते में हैं, जिन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प को राष्ट्रपति बनाने के लिए अपना मत दिया था. अपने को संसार का आधुनिकतम लोकतंत्र मानने वाला मुल्क अब घनघोर सामंती घेरे में है. दो पूंजीपति डोनाल्ड ट्रम्प और एलन मस्क अपने राष्ट्र की सियासत को एक ऐसे रास्ते पर लेकर चल पड़े हैं ,जिस पर फिसलन है ,कीचड़ है और अब तक की सारी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका फर्स्ट के नारे ने बेशक मतदाताओं को लुभाया था, लेकिन अब इस नारे की कलई खुलती जा रही है.

**राजेश बादल**

अमेरिकी नागरिक समझ रहे थे कि उनके देश की पूंजी उनके हित में लगाई जाए, यह तो बात समझ में आती है लेकिन हुकूमत उनको ही रोज-रोज परेशान करने लगे, यह उनके लिए तकलीफदेह है. हम जानते हैं कि अमेरिकी लोग संसार में सबसे आरामतलब और सुविधाजीवी हैं. इसलिए उनकी सरकार अब उनसे ही मिनट-मिनट का हिसाब मांग रही है तो वे हैरान और परेशान हैं.ट्रम्प के दोस्त और वहां के शासकीय दक्षता मंत्रालय के मुखिया एलन मस्क ने दो दिन पहले एक अजीबोगरीब फरमान जारी किया. उन्होंने सभी केंद्रीय कर्मचारियों को 48 घंटे के अंदर अपने कामकाज की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. यदि उनकी दक्षता रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई तो नौकरी खोने के लिए तैयार रहना होगा. यही नहीं, अगर वे अपनी परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत करने में नाकाम रहे तो वे अपने आपको नौकरी से बर्खास्त समझ सकते हैं. आपको याद होगा कि अमेरिका में कोविड के प्रकोप के समय से ही बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी घर पर रह कर ही काम कर रहे हैं. उन्हें पूरा वेतन मिल रहा है. मस्क की चेतावनी उन कर्मचारियों के लिए भी है. दिलचस्प यह कि डोनाल्ड ट्रम्प ने भी मस्क के इस फरमान को अपना समर्थन दे दिया है. लेकिन मस्क के इस



हुक्मनामे से बड़ा बवाल हो गया है. एलन मस्क के इस आदेश का कई सरकारी एजेंसियों ने खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया है. मस्क निजी और कॉर्पोरेट शैली में सरकारी कर्मचारियों तथा अधिकारियों से काम लेना चाहते हैं.सरकारी कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं हैं. उनका कहना है कि पेंटागन, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, नासा, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन, पुलिस और सेना के लोग इसे कैसे मान सकते हैं? उनका काम न तो प्रोजेक्ट वर्क जैसा होता है और न ही उसे रोज काम के घंटों में बांधा जा सकता है. ट्रम्प सरकार ने बीते दिनों एफबीआई के नए मुखिया काश पटेल को नियुक्त किया है.

पटेल ही इस आदेश के खिलाफ खड़े हो गए हैं. उन्होंने अपनी जांच एजेंसियों के कर्मचारियों को मस्क के मेल का उत्तर देने से रोक दिया है. पटेल का कहना है कि उनके ब्यूरो की एक प्रक्रिया है, जिसके तहत परफॉर्मेंस रिपोर्ट मांगी जाती है और कर्मचारियों का मूल्यांकन किया जाता है. यही प्रक्रिया मान्य है और इससे हटने का सवाल ही नहीं है.काश पटेल का पूरा नाम कश्यप प्रमोद विनोद पटेल है और वे पाटीदार समुदाय के गुजराती हैं. उनका परिवार लगभग अस्सी साल पहले गुजरात के आनंद से अमेरिका जाकर बस गया था. वे ट्रम्प के बेहद निकट हैं. उनके तेवर ट्रम्प सरकार के अंतर्विरोधों को उजागर करते हैं. इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के प्रमुख रॉबर्ट एफ.कैनेडी जूनियर ने पहले तो अपने कर्मचारियों से कहा कि वे ईमेल का उत्तर देते हुए अपनी रिपोर्ट भेज दें, मगर बाद में उनका रुख बदल गया. दरअसल विभाग के वकील ने साफ-साफ कहा कि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है.

इसी मंत्रालय के कार्यवाहक जनरल काउंसल सीन केवेनी ने अपने बयान में कहा कि वे आहत और अपमानित महसूस कर रहे हैं. केवेनी के अनुसार उन्होंने अपनी विभागीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पिछले सप्ताह सत्तर घंटे तक काम किया है. यह मेल निष्ठा को अपमानित करने वाला है. गौरतलब यह है कि रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के कई नेता एलन मस्क के इस रवैये का खुलकर विरोध कर रहे हैं. रिपब्लिकन सीनेटर जॉन कर्टिस ने कहा है कि मस्क का रुख क्रूर और अमानवीय है. सरकार को समझना चाहिए कि कर्मचारी भी इंसान हैं.उनके परिवार हैं और उन पर बैंक के कर्ज हैं. छंटनी का यह ढंग गलत है. इसी तरह एलन मस्क के विरोध में विदेश और रक्षा विभाग के आला अफसर भी हैं. उन्होंने बाकायदा कर्मचारियों को औपचारिक तौर पर कहा है कि उन्हें मस्क के इस मेल का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है. पदभार संभालने के बाद से उन्होंने जितने आदेश जारी किए हैं, उनमें से करीब आधा दर्जन मामलों में अदालतों ने रोक लगा दी है. ट्रम्प इससे बौखलाए हुए हैं. उपराष्ट्रपति जे. डी. वेन्स और एलन मस्क ने तो न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ दिया है. वेन्स ने कहा कि न्यायपालिका अपनी हद पार कर रही है. उन्होंने यहां तक कहा कि एक जज फौजी जनरल को क्या यह बताएगा कि सैनिक अभियान कैसे चलाया जाता है. न्यायाधीशों को कार्यपालिका के मामलों में टांग नहीं अड़ाना चाहिए. इसी क्रम में मस्क ने तो यहां तक कह डाला कि एक जज सारी जिंदगी जज कैसे बना रह सकता है? इसके बाद स्वयं डोनाल्ड ट्रम्प न्यायपालिका से मोर्चा लेते नजर आए. उन्होंने कहा कि जिन न्यायाधीशों ने उनके फैसलों पर रोक लगाई है, संभव है कि उन न्यायाधीशों की भी जांच की जरूरत हो. यह मानना जल्दबाजी नहीं होगी कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में अजीब सा व्यवहार करते नजर आ रहे हैं.वे अपने राष्ट्र से ही जैसे रार ठान कर उससे बदला लेने पर उतारू दिखाई देते हैं. वे शुभचिंतक और पिछलग्गू देशों को नाराज कर रहे हैं. यूरोपीय यूनियन अब अमेरिका की अंधभक्त नहीं रही. वह अमेरिका के मसले पर दो-फाड़ हो गई है. कोई नहीं जानता कि ट्रम्प सियासत का कौन सा पाठ लिख रहे हैं?

धनबाद
शुक्रवार 28.02.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-9 पृष्ठ- 12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-1
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# झारखंड विधानसभा में 5508 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

**रांची (एजेंसी):** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ५५०८ करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में कई विभागों को विभिन्न मदों के लिए महत्वपूर्ण आवंटन किया गया। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट और वित्त लेखे भी प्रस्तुत किए।



**किस विभाग को कितनी राशि मिली?**

इस तृतीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा राशि ऊर्जा विभाग को मिली है, जिसे ९७१.८० करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, अन्य महत्वपूर्ण विभागों को भी फंड आवंटित किए गए हैं-

१. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि) को १७६.४८ लाख रुपये।
२. पशुपालन प्रभाग को २४१.३४ लाख रुपये।
३. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को ६१२.६२ लाख रुपये।
४. उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को १८०.७५ लाख रुपये।
५. वित्त विभाग को १०४७१.६१ लाख रुपये।
६. पेंशन मद में ५०,००० लाख रुपये।
७. वाणिज्य कर विभाग को ५० लाख रुपये।
८. खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग को ७४ लाख रुपये।
९. वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को १६१३७.९५ लाख रुपये।
१०. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को १४२८९.३९ लाख रुपये।
११. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को १५० लाख रुपये।
१२. उद्योग विभाग को २७४.५४ लाख रुपये।

**महिला कल्याण और ग्रामीण विकास को भी बड़ी राशि**

झारखंड सरकार ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को २६६६८.६९ लाख रुपये का प्रावधान किया है, जबकि ग्रामीण कार्य विभाग को ८७३२९ लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग और प्राथमिक शिक्षा प्रभार को भी अहम फंड मिलने की उम्मीद है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (सेकेंडरी शिक्षा) को १८८५०.४३ लाख रुपये, और प्राथमिक एवं बजट शिक्षा को ३९२९३.५० लाख रुपये का फंड प्रदान किया गया है।

इस तृतीय अनुपूरक बजट में जिन विभागों को आवंटन किया गया है, उनमें ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, महिला कल्याण और ग्रामीण कार्य विभाग प्रमुख हैं।

सरकार का उद्देश्य इन विभागों के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करना और आम जनता की सुविधा को बढ़ाना है।

## एल. खियांग्ते बने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

**रांची (एजेंसी):** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का अध्यक्ष एल ख्यांगते को बना दिया गया है। एल ख्यांगते झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव रहे हैं। बता दें कि ६ महीने से जेपीएससी का अध्यक्ष पद खाली था। राज्यपाल संतोष गंगवार ने गुरुवार को राज्य सरकार के प्रस्ताव पर तत्काल निर्णय लेते हुए राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एल. ख्यांगते को जेपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया।



गवर्नर का मानना है कि राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप समयबद्ध और सुचारु रूप से हो सकेगा। आयोग की कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता आएगी।

# कैबिनेट से मिली वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी

## 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली (ईएमएस):** कैबिनेट ने गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर इसे हरी झंडी दी गई है। इसे संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दौरान पेश किया जा सकता है।



सूत्रों के अनुसार, १९ फरवरी की कैबिनेट की बैठक में इन संशोधनों को मंजूरी दी गई। इन संशोधनों के आधार पर बिल को मंजूरी दी गई है। वक्फ बिल को पहली बार पिछले साल अगस्त महीने में पेश किया गया था। लेकिन विपक्ष के विरोध की वजह से इसे संसदीय समिति को भेजा गया था। बाद में कुछ संशोधनों के बाद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली इस समिति ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस के बाद १३ फरवरी को वक्फ बिल पर संसदीय समिति की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया। अब इस बिल को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। बिल को बजट सत्र के दूसरे हिस्से में पेश किया जा सकता है। बजट सत्र का का दूसरा हिस्सा १० मार्च से ४ अप्रैल तक चलेगा। बता दें कि इससे पहले वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऐसी फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानते, ▶▶ 8

## जीएसटी और सीमा शुल्क के मामलों में एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होता है। यानी, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तब भी वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने पिछले साल १६ मई को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुनाते हुए, सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि अग्रिम जमानत से जुड़े दंड प्रक्रिया संहिता और नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के ▶▶ 8

## मणिपुर सीएम की रेस में फिर मैतेई चेहरे

### 10 मार्च से पहले बन सकती है सरकार

**इंफाल (ईएमएस):** मणिपुर में भाजपा एक बार फिर से मैतेई कम्युनिटी के नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है। सीएम की रेस में तीन नाम आगे चल रहे हैं। तीनों मैतेई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह भी मैतेई समुदाय के हैं। हालांकि, कुकी के साथ भाजपा के कई मैतेई विधायक अब उनके खिलाफ हैं। मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच ३ मई २०२३ से हिंसा हो रही है। बीरेन सिंह पर हिंसा के दौरान मैतेइयों को कुकी के खिलाफ उकसाने के आरोप हैं। ९ फरवरी को उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। ▶▶ 8

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की आज करेंगे शुरुआत

**रांची (एजेंसी):** झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे। यह योजना राज्यकर्मियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को प्रत्येक वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करेगी। इसके साथ ही दिव्यांग आश्रितों को जीवनभर इस योजना का लाभ प्राप्त होगा।



इस योजना के तहत, लाभार्थियों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की अतिरिक्त सीमा दी जाएगी, यानी कुल १० लाख रुपये तक चिकित्सा खर्च का वहन सरकार करेगी। इसके अलावा, यदि बीमा राशि से अधिक खर्च होता है, तो कॉरपस फंड द्वारा अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

इसके अलावा, यदि किसी राज्यकर्मी या सेवानिवृत्त कर्मी को दुर्घटना या मरणासन्न स्थिति में उच्चतर उपचार के लिए रेफर किया जाता है, तो उन्हें एयर एम्बुलेंस और वायुयान यात्रा की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि आवश्यकता पड़ने पर लाभार्थियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

इस कार्यक्रम में विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत करेंगे।

योजना के शुभारंभ के बाद, एक मार्च से राज्यकर्मियों, रिटायरकर्मियों, विधानसभा के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, अखिल भारतीय ▶▶ 8




# कोल इंडिया चेयरमैन से मिले प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद (कासं) :** बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग की विभिन्न प्रकार की समस्या तथा यहां भारी पैमाने पर असंगठित मजदूर की समस्या को लेकर जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम प्रसाद से मिला। उनके साथ जदयू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह भी मौजूद थें। इस दौरान उक्त दोनों मुद्दों सहित जनहित में बीसीसीएल के विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से बातचीत हुई। सांसद खीरू महतो ने बताया कि उनकी यह मुलाकात काफी सकारात्मक रही। साथ ही कोल इंडिया चेयरमैन ने भविष्य में बीसीसीएल के मार्फत धनबाद के लिए कई कल्याणकारी कार्यों पर भी चर्चा की।

# बिरसा मुंडा मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त



**धनबाद (कासं) :** धनबाद के अति व्यस्तम जगह बैंक मोड़ में गुरुवार को असामाजिक तत्वों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी बैंक मोड़ पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने पर बैंक मोड़ पुलिस पहुंची। साथ ही झामुमो के कार्यकर्ता पहुंचकर विरोधप्रदर्शन किया। बताया जाता है कि बैंक मोड़ स्थित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। वही मूर्ति में बने धनुष को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिसके बाद झामुमो कार्यकर्ता सहित अन्य संगठन के लोग मौके पर पहुंचकर विरोधप्रदर्शन किया।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद को दी गई श्रद्धांजलि



**सिंदरी (ससे) :** गुरुवार भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सिंदरी की ओर से महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की ९४वां शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का आयोजन रंगामाटी सिंदरी में किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद को देश के लिए अपने प्राण का बलिदान देने वाला महान क्रांतिकारी बताया। अंग्रेज पुलिस के साथ मुठभेड़ में उन्होंने अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली अपने सिर पर मार ली। उनका कथन था हम आजाद हैं आजाद ही रहेंगे और कभी भी अंग्रेजी पुलिस के हाथों जिंदा पकड़े नहीं जाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में देश के लिए समर्पित उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया। सभा की अध्यक्षता सूर्यकुमार सिंह ने की।

श्रद्धांजलि सभा में गौतम प्रसाद, रानी मित्रा, सुबोलचंद्र दास, मुकेश कुमार ने अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में शिबू राय, राज नारायण तिवारी, सविता देवी, मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विधानसभा में गूंजा सड़क जाम का मुद्दा

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर में सड़क जाम का मामला सोमवार को विधानसभा में उछला। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने विधानसभा में सवाल उठाते हुए कहा कि धनबाद जिले के गोविंदपुर में प्रतिदिन सड़क जाम लग रहा है। इससे लोग परेशान हैं। परीक्षा के इस दौर में रोजसेज के जाम से मैट्रिक और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। इससे दुर्घटनाएं भी हो रही है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि रांची जिले की तरह धनबाद शहर, गोविंदपुर और निरसा में भी ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित करने में होमगार्ड जवानों को लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे सड़क जाम की समस्या दूर होगी। लोगों का आवागमन सुगम होगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होगी। सामाजिक संस्था नागरिक समिति ने गोविंदपुर में जाम की समस्या को विधानसभा में उठाने के लिए विधायक का आभार जताया है।

# बागडिगी कोलियरी पर छाया विस्थापन का खतरा



**जोड़ापोखर (ससे) :** अलकडीहा सुशी आउटसोर्सिंग (देव प्रभा) चालू होने से बागडिगी कोलियरी पर विस्थापन का खतरा मंडराने लगा है। इसी आलोक में बीसीसीएल प्रबंधन बागडिगी कोलियरी में जर्जर क्वार्टर को तोड़ने पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने विरोध करते हुए खदेड़ दिया। बीसीसीएल प्रबंधन खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बागडिगी कोलियरी के नंदलाल पासवान ने कहा कि जब तक यहां के लोगों की समुचित व्यवस्था कर अन्यत्र नहीं बसाया जाता, तब तक लोगों को यहां से हटने नहीं दिया जाएगा। हमलोग वर्षो से यहां रहते आ रहे हैं। प्रबंधन समुचित व्यवस्था के साथ यहां के लोगों का पहले पुनर्वास करें, तभी हम यहां से हटेंगे। पहले भी प्रबंधन से वार्ता हुई थी।

उन्होंने आश्वासन दिया था कि बस्ती के लोगों को जब तक पूरी व्यवस्था नहीं मिलेगा तब तक कोई भी विस्थापन नहीं करेगा। लेकिन परियोजना पदाधिकारी जबरन हमलोगों को हटाने की साजिश रच रहा है। इसका पुरजोर विरोध करेंगे। किसी तरह अप्रिय घटना घटती है तो बीसीसीएल प्रबंधन जिम्मेवार होगा। इससे पहले भी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों पर बेवजह झूठा मामला दर्ज कराया गया है। जिससे बस्ती के लोग डरे हैं। मौके पर रीना देवी, पूजा देवी, ममता देवी, प्रभाकर पासवान, रमेश पासवान, महावीर पासवान, मन्टु पासवान, कपिल पासवान आदि लोग मौजूद थे।

## चंद्रशेखर आजाद का मना शहादत दिवस



**कतरास (ससे) :** क्लब में शहादत दिवस के अवसर पर शहीद शिरोमणि क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस समारोह सम्मानित अध्यक्ष डॉक्टर मृणाल की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम शहीद चंद्रशेखर आजाद की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं एप्टा कलाकारों ने राष्ट्रीय भक्ति गीत से उपस्थित लोगों का मनमोहली वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद की जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उदय कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद राजा, धीरज कुमार, राजीव रंजन, अधिवक्ता जयदेव, सकलदेव प्रामाणिक, मुन्ना सिद्दीकी, सरोज सिंह, राजेश, जावेद राजा अध्यक्ष, मासूम खान, सुरेंद्र कुमार, उमेश ऋषि, एमडी आजाद, फिरोजी, सुरेश प्रसाद यादव, महादेव चटर्जी, पंकज कुमार वर्मा, प्रभात मिश्रा, मुन्ना यादव, नवदीप गुप्ता, राजू प्रसाद साहू, मुनिजी गोस्वामी, विकाश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार साहू, दीपक कुमार, जयेश चावड़ा आदि लोग उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक से मिले यूनियन के लोग



**जोड़ापोखर (ससे) :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का एक दल गुरुवार को लोदना क्षेत्र के नए महाप्रबंधक निखिल त्रिवेदी से औपचारिक मुलाकात की। गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। कोयला उत्पादन में सहयोग करने की बात कही गई। महाप्रबंधक ने लोगों को अश्वासन दिया कि यहां से न कोई मशीन और न ही कोई मजदूर को दूसरे जगह भेजा जाएगा। मौके पर इस्माइल अंसारी, दया राम सिंह यादव, रामनाथ गोप, ओम प्रकाश ओझा, अजय कुमार देव, उज्जवल कुमार दे, विजय यादव, रानी मुखर्जी, कैलाश पासवान, रविंद्र पासवान, गीता सोरेन, देवेंद्र कुमार साहू, उस्मान अंसारी, गणेश कुमार, मंगरु बरती, उमाशंकर विद्यार्थी आदि शामिल थे।

## पीएफ ब्याज दर को लेकर फैसला आज

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की बैठक शुक्रवार को होने वाली है, जिसमें प्रॉविडेंड फंड के ब्याज दर को लेकर फैसला लिया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर शुक्रवार को न्यासी बोर्ड ब्याज को लेकर फैसला लेता है तो ईपीएफओके करोड़ों मेंबर्स को बड़ा झटका लग सकता है। ईपीएफओका सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी पीएफ में जमा पैसे पर मिलने वाले सालाना ब्याज में कटौती कर सकती है।

भविष्य निधि पर रिटर्न पिछले वित्त वर्ष के लिए घोषित ८.२५ प्रतिशत ब्याज दर से कम रहने की संभावना है। गौरतलब है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ईपीएफओका सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की २०२४२५ के लिए पीएफ कंट्रीब्यूशन पर ब्याज दर पर चर्चा करने के लिए २८ फरवरी को बैठक होने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्याज दर मौजूदा दर के करीब ही रह सकती है, जिसमें मामूली कमी की संभावना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ईपीएफओ के मौजूदा फंड और निवेश को देखते हुए, इसमें मामूली कमी हो सकती है और ब्याज दर ८.२८.२५ प्रतिशत के आसपास हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है और आगे भी इसमें गिरावट जारी रहने की संभावना है।

## मंदिर की छत ढलाई में श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान

**गोविंदपुर (ससे) :** जियलगढ़ा गांव में शिवपार्वती मंदिर की छत ढलाई गुरुवार को हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रमदान किया। इसकी शुरुआत समाजसेवी नंदलाल अग्रवाल ने की। मौके पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, भाजपा नेत्री तारा देवी, पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, पंसस बबलू कुमार, तारापद कुमार,



राजकुमार गिरि, राज किशोर गोप, खगेन कुमार, निर्मल कुमार, रामप्रसाद सिंह, कुणाल कुमार, सतीश कुमार, आनंद कुमार, बलराम कुमार, अशोक कुमार, बुधु कुमार, जादू कुमार, अशोक भारती, दिलीप दुबे, शंकर तुरी समेत दर्जनों लोगों ने श्रमदान किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर में शिवपार्वती, बजरंगबली, गणेश, कार्तिक, राधाकृष्ण आदि देवीदेवताओं की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# अखंड संकीर्तन की पूर्णाहुति

**गोविंदपुर (ससे) :** स्मार्ट सिटी विकास एवं कल्याण समिति द्वारा शिवरात्रि पर आयोजित २४ घंटे का अखंड संकीर्तन की पूर्णाहुति



गुरुवार को हुई। इस अवसर पर हवन एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया। संकीर्तन में आसपास की कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। रुद्राभिषेक किया गया। शिव-पार्वती विवाह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। समापन के अवसर पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, डीएन सिंह, शकुंतला मिश्रा, बी मिश्रा, उमेश शर्मा, गणेश सिंह, अशोक दत्ता, अवधेश चौरसिया, किशोर रावत, मोनू मिश्रा, निशांत सिंह, पूनम देवी, अमृता सिंह, मीना चौरसिया, संतोष संग्राम, शिशिर भगत, महेंद्र पांडेय, कौशल सिंह, मनभुल राय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बैठक



**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को लोयाबाद मोड़ स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सिपाही चौहान व संचालन बिनोद पासवान ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से १३ मई से १९ मई तक धूमधाम से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जय प्रकाश पांडेय, सोहन महतो, एस एस प्रसाद, अनवर मुखिया, बिनोद रस्तौगी, सोमन घोष, मनोज वर्णवाल, सुनील पांडेय, बिनोद पासवान, शंकर केशरी,सुरेश यादव, चंद्रदीप सिंह, शत्रुघ्न सिंह, विनय चौहान, वीरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## 10वीं की छात्रा ने बच्ची को दिया जन्म

**जाजपुर (ईएमएस) :** ओडिशा के जाजपुर जिले में कक्षा १०वीं एक छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को घटना की पुष्टि की है, इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट में मुताबिक परिवार के सदस्यों ने बताया कि छात्रा को अचानक पेट में तेज़ दर्द हुआ, जिसके बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया। इस लेकर डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के जन्म के बाद उसकी तबीयत ठीक नहीं थी, इसकारण बच्ची को बाल रोग आईसीयू (पीडियाट्रिक आईसीयू) में भर्ती किया गया।

## नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की दिल्ली विधानसभा में उठी मांग

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** दिल्ली में नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने उठा दी। विधायक नीलम ने कहा कि १८५७ के विद्रोह के दौरान, राजा नाहर सिंह ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के क्षेत्र में शामिल कर लिया। उनकी मांग पर साथी विधायकों ने अपना समर्थन भी दिखाया। दिल्ली में बीजेपी नेताओं के बीच इलाकों का नाम बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करने के बाद, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह बिष्ट ने घोषणा की कि आधिकारिक तौर पर पदभार संभालने के बाद वे मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिव पुरी या शिव विहार कर दूंगा। मैंने यह पहले भी कहा है। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि राजनीतिक दल मुस्तफाबाद नाम बरकरार रखने पर क्यों अड़े हुए है। मुख्य रूप से हिंदू आबादी वाले क्षेत्र का नाम शिव पुरी या शिव विहार क्यों नहीं रख सकते ? लोग मुस्तफा नाम से परेशान हैं और इस नाम को बदलना चाहते हैं, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऐसा हो।

वहीं, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) आतिशी ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को सदन की कार्यवाही से तीन दिनों के लिए निलंबित करने के बाद उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है।

# सीएम एमके स्टालिन ने केंद्र की नई शिक्षा नीति का किया विरोध



**चेन्नई (ईएमएस) :** तमिलनाडु में हिंदी बनाम तमिल की जंग छेड़ने वाले सीएम एमके स्टालिन लगातार आक्रामक रुख दिखा रहे हैं। उन्होंने फिर कहा है कि हम हिंदी को तमिलनाडु पर थोपने का विरोध करने वाले है। उन्होंने कहा कि हिंदी के चलते उत्तर भारत की २५ से ज्यादा भाषाओं को खत्म किया गया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु हिंदी भाषा को 'थोपने' की इजाजत नहीं देगा और उन्होंने तमिलों एवं इसकी संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प जताया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित उन्होंने कहा, 'हम हिंदी थोपने का विरोध करने वाले है। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।' डीएमके ने आरोप लगाया है कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में तीनभाषा फार्मूले के माध्यम से हिंदी को थोपने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने स्टालिन के आरोप का खंडन किया है।

सीएम स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी कई उत्तर भारतीय भाषाओं को 'आधिपत्यवादी हिंदी ने नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु एनईपी का विरोध कर रहा है क्योंकि केंद्र शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी और संस्कृत को थोपने की कोशिश कर रहा है।

एनईपी के अनुसार तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है। भाजपा के दावे का जवाब देकर स्टालिन ने दावा किया कि त्रिभाषा नीति कार्यक्रम के अनुसार,''कई राज्यों में केवल संस्कृत को बढ़ावा दिया जा रहा है।' उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राजस्थान उर्दू प्रशिक्षकों के बजाय संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति कर रहा है। उन्होंने कहा, अगर तमिलनाडु त्रिभाषा नीति को स्वीकार करता है, तब मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृतीकरण होगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'इससे यह स्पष्ट होता है कि केंद्र ने तमिल जैसी भाषाओं को खत्म करने और संस्कृत को थोपने की योजना बनाई है।' स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई ने दशकों पहले राज्य में द्विभाषा नीति लागू की थी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि 'हिंदीसंस्कृत के माध्यम से आर्य संस्कृति को थोपने और तमिल संस्कृति को नष्ट करने के लिए कोई जगह नहीं है।'

## विधानसभा के बाहर चला आप विधायकों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** विपक्ष की नेता आतिशी और आप के अन्य विधायकों को गुरुवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद उन्होंने विधानसभा के बाहर ही करीब ७ घंटे तक धरना दिया। आप की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में सत्ता में आने के बाद भाजपा तानाशाही की सभी हदें पार कर रही है। दरअसल, मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। आप विधायकों का कहना है कि वह सीएम कार्यालय से भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को कथित तौर पर हटाए जाने का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में गुरुवार को आप नेताओं ने विधानसभा परिसर के गेट के बाहर धरना दिया। इस दौरान डफली की थाप के साथ आप नेताओं ने अंबेडकर की तस्वीरों वाली तख्तियां पकड़ीं और सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नारे लगाए -भाजपा सुन ले, जय भीम, जय भीम, भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी। करीब सात घंटे चले विरोध प्रदर्शन के बाद विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि शुक्रवार को सबसे पहले राष्ट्रपति से मिलने जाएंगे।

## नंदू हाड़ी को मिला ब्रॉंच मेडल



**जोड़ापोखर (ससे) :** गुरुवार को प्रकाशम स्टेडियम कोठा गोदाम, सिंगरेली कोलियरी में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड इंटर कंपनी एथेलेटिक्स मीट २०२४२५ में बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र१० के नंदू हाड़ी ने १० हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। नंदू हाड़ी ने बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं यह काबिले तारीफ है। लोदना क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक के कार्यालय में ब्रॉन्च मेडल पहनाते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक डीके. सिंह ने हौसला अफजाई की गई। इस अवसर पर राकेश कुमार, लिपिक अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# क्राइम स्पॉट पर क्रिमिनल से पहले पहुंच गई पुलिस, 4 गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी):** मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र में हाइवे पर लूटपाट करने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी लूटपाट की योजना बना रहे हैं. पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते सभी अपराधी मौके से गिरफ्तार कर लिए गए. उनके पास से दो बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों अपराधियों ने पानापुर करियाद थाना क्षेत्र के बिट्टू कुमार की बाइक लूटने की कोशिश की थी.

## ट्रक की टक्कर से 4 श्रद्धालुओं की मौत

**भोजपुर (ईएमएस) :** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना-बक्सर हाईवे पर शाहपुर बनाही अंडरपास के नजदीक गुरुवार की सुबह बेकाबू ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाद ऑटो हवा में उछलकर सड़क के नीचे आ गया। इसमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई।

# क्या बिहार चुनाव में हावी होगा जातिवाद?

**पटना (एजेंसी):** बिहार की राजनीति में जाति की बात ना हो, ये नहीं हो सकता है. कहते हैं कि बिहार की राजनीति जातिवाद आधारित है जिसको लेकर हर दल सभी जातियों को ध्यान में रखते हुए ही कोई फैसला करते हैं. चुनाव से पहले सभी दलों की ओर से जातीय किलेबंदी का दुरुस्तीकरण शुरू हो गया है.

कांग्रेस हो भाजपा, जेडीयू हो या राजद, सभी दल अपने-अपने कोर वोटर को साधने के साथ-



साथ विरोधी खेमे के वोटबैंक में सेंधमारी की योजना तैयार कर रहे हैं. (२६ फरवरी) को हुए कैबिनेट विस्तार को इसी का हिस्सा माना जा रहा है. अब सवाल ये है कि क्या बिहार में अभी जातिवाद हावी रहता है? इसको लेकर चुनाव आयोग ने पिछले साल जून में एक सर्वे किया था, जिसकी रिपोर्ट काफी चौंकाने वाली है.

चुनाव आयोग ने २०२४ में हुए लोकसभा चुनाव के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की थी. इस रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में जाति और धर्म के आधार पर वोट करने वालों की संख्या काफी कम है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ ४.२ फीसदी लोगों ने प्रत्याशी की जाति के आधार पर वोट किया था. प्रत्याशी के धर्म के आधार पर वोट करने वालों की संख्या महज १.१ फीसदी है.

प्रदेश में ३२.२ फीसदी लोग ऐसे हैं, जो किसी ना किसी दल के समर्थक हैं और पार्टी के कैंडिडेट को ही वोट किया था. ३३.९ फीसदी लोगों ने प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के आधार पर उनको वोट दिया था. आसान भाषा में कहें तो प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि ने वोट मांगा था, इसलिए उन्हें वोट दिया था. सबसे ज्यादा ४१.४ फीसदी लोगों ने परिवार की राय के आधार पर वोट किया था.

चुनावी साल में एनडीए सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार किया गया, जिसमें बीजेपी के ७ विधायक मंत्री बने. हालांकि, बीजेपी ने इस बार भी मुस्लिम दलित और यादव को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी है. जबकि प्रदेश में यादवों की आबादी सबसे ज्यादा १४.२६ फीसदी है. २०२० के विधानसभा चुनाव में यादव जाति से ५२ विधायक बने थे. इसमें सबसे ज्यादा आरजेडी से ३५, बीजेपी से ८, जेडीयू से ७, लेफ्ट से ३ और कांग्रेस से एक यादव विधायक है. इस तरह से राजद के बाद बीजेपी के पास सबसे ज्यादा यादव विधायक हैं. फिर भी बीजेपी ने एक भी यादव विधायक को मंत्री नहीं बनाया. सियासी जानकारों का कहना है कि यादव और मुस्लिम को राजद का कोर वोटर माना जाता है. बीजेपी ने साफ संदेश दिया है जो हमारे साथ नहीं हम उसके साथ नहीं.


## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो

### ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :- 12/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक–27.02.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ BOKARO/ 11/2024-25 | दहियारी पंचायत में कोचागोड़ा मोड़ से छोटकी कोचागोड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.200 कि0मी0)। | 1,20,14,700.00 | एक करोड़ बीस लाख चौदह हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/EE/ BOKARO/ 12/2024-25 | दहियारी पंचायत में दुर्गा मंदिर दहियारी से धुमचटाईन तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.800 कि0मी0)। | 1,67,85,000.00 | एक करोड़ सड़सठ लाख पचासी हजार रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |
| 3 | RWD/EE/ BOKARO/ 14/2024-25 | पोखरिया पंचायत में डेगागढ़ा फुटबॉल मैदान से मकान सीमा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.500 कि0मी0)। | 1,32,82,400.00 | एक करोड़ बत्तीस लाख बयासी हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 07.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.03.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 347335 (Rural Work Department)24-25*D



## झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।

### ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :- 25/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 27.02.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 67/2024-25 | जीतु महतो स्कूल से चिलकीटांड होते हुए ब्राह्मण द्वारिका नीचे टोला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.100कि0मी0)। | 1,87,83,200.00 | एक करोड़ सत्तासी लाख तिरासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 07.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.03.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR 347337 Rural Work Department(24-25)D


## कार्यालय, चास नगर निगम, चास (बोकारो)

आई0टी0आई0 मोड़, NH-32, चास, बोकारो, पिन–827013
E-mail:- chasmunicipalcouncil@gmail.com

### –: आम सूचना :–

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 182, 184, 152 (1) एवं 590 में निहित प्रावधानों के आलोक में चास नगर निगम अंतर्गत होल्डिंग टैक्स (सम्पति कर) जमा किया जाना अनिवार्य है, किंतु निगम क्षेत्रांतर्गत कतिपय नागरिकों को कार्यालय द्वारा नोटिस करने के बावजूद भी इनके द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है, जिनकी सूची निम्नवत् है :–

| Sl.No | Ward No. | Holding_No | Owner_Name | Guardian Name | Mobile No | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 0020003016000M0 | SANDHAYA PRASAD | Sahadeo prasad | 9430343232 | CHIRA CHAS | 41076 |
| 2 | 2 | 0020000966000J1 | MUKESH KUMAR | R. CHOUDHARY | 9431034379 | K.K.SINGH HOUSING COLONY CHIRA CHAS | 38440 |
| 3 | 2 | 0030000226000A1 | RINKU DEVI | MRITUNJAY KUMAR | 0 | SRI RAM VATIKA CHIRA CHAS BOKARO | 35040 |
| 4 | 2 | 0020002187000A4 | CHANDRA MANJHI | RAM MANJHI | 6202003712 | CHIRA CHAS, MAIN ROAD. | 29220 |
| 5 | 2 | 0020000820000A1 | SRISTIDHAR GOPE | LT GONU GOPE | 9507592494 | HN-39, CHIRA CHAS, GOPE NAGAR | 22557.44 |
| 6 | 2 | 0020000073000A1 | PREMANAND SINGH & SACHIDANAND SINGH | KAMTA PRASAD SINGH | 8002525285 | CHIRA CHAS BOKARO 827013 | 21096 |
| 7 | 2 | 0020003901000X1 | PRAVEEN KUMAR | PRAKASH KUMAR | 7488341233 | PLOT NO -167/168,NEAR VASTU VIHAR PH-02,CHIRA CHAS 827013 | 19822 |
| 8 | 2 | 0020001406000A1 | RINKU DEVI & MRITUNJAY KUMAR | RAM SUNDAR SHARMA | 9431368484 | F NO-501/502 KRISHANA TOWER CHIRA CHAS BOKARO 827013 | 19528 |
| 9 | 2 | 0020001619000A1 | RINKU DEVI | MRITUNJAY KUMAR | 9334777779 | SHRI NIWAS SHRI RAM VATIKA CHIRA CHAS | 19368 |
| 10 | 2 | 0020002028000D1 | SARITA SINGH | SANJAY KUMAR SINGH | 8092275780 | CHIRA CHAS | 18756 |
| 11 | 4 | 0040000267000A1 | SUDHIR ROY | LT BHOLANATH ROY | 9973800934 | GANDHAJORE | 24391 |
| 12 | 5 | 0050000018000A1 | RAJESHWAR PRASAD SAH & LAL CHAND PRASAD SAH | LT. RAMNATH SAH | 9430104582 | TALGARIYA MORE CHAS BOKARO JHARKHAND | 64796 |
| 13 | 5 | 0050000053000X1 | ABDUL SALAM&ABUL KALAM | KHALIL ANSARI | 9934370276 | JAMGORIYA CHAS | 19448.1 |
| 14 | 6 | 0060000349000A1 | KAMTA PRASAD SINGH | LATE RAM BADAN SINGH | 8757577404 | SOLAGIDIH, DHANBAD ROAD | 24282.4 |
| 15 | 6 | 0060000291000A1 | KUNAL KUMAR TIWARI | PRAMOD KUMAR TIWARI | 9430344432 | VIDAY PATI NAGAR CHAS | 23121.84 |
| 16 | 6 | 0060000991000A4 | KHUSHBU KUMARI | PRADEEP SINGH | 8434570167 | TEACHERS COLONY MAIN ROAD, CHAS | 23084.57 |
| 17 | 7 | 0070002909000M0 | KARTIK SINGH AND OTHERS | LATE DEV MUNI SINGH | 9507669377 | NANDUA ASTHAN CHAS | 60643 |
| 18 | 7 | 0070002853000M0 | .,BAHADUR KUMAR MAHATO AND OTHERS | .,KISHTO MAHATO | 9.8361E+19 | BHALSUNDHA | 60643 |
| 19 | 7 | 0070000590000X4 | DAFFODIL PUBLIC SCHOOL SHEELA DEVI | SHASHI SHANKAR PRASAD | 8092352503 | BHAWANIPUR , SOLAGIDIH CHAS | 33438 |
| 20 | 7 | 0070000853000A4 | RITA DEVI | RADHU MAHATO | 8969056819 | BHALSUNDHA | 19246 |
| 21 | 7 | 0070000887000A4 | BIRU DAS | | 9572879274 | JAMGORIA TOLA , NAYA TAND | 18910 |
| 22 | 8 | 0080000384000X4 | GULAM HASNAIN | ABDUL HASAN | 7632027718 | ANSARI MOHALLA NEAR-MADARSA | 19566 |
| 23 | 9 | 0090000088000A1 | MD IQBAL ALAM | MD. SARIF | 9576712935 | AZAD NAGAR CHAS GALI NO. 1 | 20408 |
| 24 | 11 | 0110000027000A1 | PARWATI DEVI | BAIDNATH PRASSAD | 9955664942 | BHOJPUR COLONY CHAS | 35781.12 |
| 25 | 11 | 0110000292000A1 | HARI PRASAD CHANDRABANSHI | LT INDRADEO PRASAD | 9708970589 | KAILASH NAGAR CHAS | 31216 |
| 26 | 12 | 0120000344000A1 | MOTI LAL SINGH | LATE DIL BAHADUR SINGH | 8797456608 | NERMAA BHAWAN MEDICALS BHOJPUR COLONY | 20180 |
| 27 | 12 | 0120000178000A1 | SURENDRA KUMAR | LATE BHOGENDRA RAM | 9835395842 | BHOJPUR | 19840 |
| 28 | 13 | 0130000280000X1 | BIKESH CHANDRA ROY | DINESH CHANDRA ROY | 9431532633 | BYE PASS ROAD CHAS | 50800 |
| 29 | 13 | 0130000617000X1 | RAVI SHANKAR JALAN | SHAMBHU PRASAD JALAN | 9955538865 | GUJRAT COLONY CHAS | 35252 |
| 30 | 13 | 0130000127000A1 | SURENDRA RAI | MAHESHWAR RAI | 9835133987 | ISPAT COLONY CHAS BOKARO 827013 | 21574 |
| 31 | 13 | 0130000131000A1 | SAROJ AGRAWAL | GOPAL PRASAD AGARWAL | 9939159626 | M/S GANPATI REALTY F-2/A | 20681.28 |
| 32 | 13 | 0130000416000X4 | AJAY(KUMAR)SHARMA | LAL NARAYAN SINGH | 8674974589 | GUJRAT COLONY,CHAS | 20144 |
| 33 | 13 | 0130000323000A1 | MANORAMA DEVI | RAMESH SINGH | 9334677844 | GUJRAT COLONY CHAS | 20052 |
| 34 | 13 | 0130000173000A1 | UMA DEVI | R. N PRASAD | 9431153077 | H.NO. 88, UMA NIKETAN, GUJRAT COLONY | 19260 |
| 35 | 14 | 0140001099000X1 | SAMIR KUMAR MANDAL AND CHITRANJAN MANDAL | BIJAY KRISHAN MANDAL | 9835743568 | MAIN ROAD CHAS | 248216.16 |
| 36 | 14 | 0140001206000X4 | JASWANT SINGH BEDI | LT- AMAR SINGH BEDI | 8920169685 | HOTEL NEW EASTERN AND PART OF BEDI MARKET ,MAIN ROAD CHAS BOKARO | 65514 |
| 37 | 14 | 0140000670000X1 | ALESH CHANDRA PRASAD | SUBHASH CHANDRA PRASAD | 9431378529 | GREEN FIELD PUBLIC SCHOOL, RAM NAGAR COLONY | 61060 |
| 38 | 14 | 0230000014000D1 | BAIYANATH MODAK & METHAR MODAK | LATE GOLAK BIHARI MODAK | 7549186345 | MAIN ROAD CHAS | 25383.6 |
| 39 | 14 | 0140000023000A1 | SUNITA DEVI | AYODHYA PRASAD | 8651388860 | RAM NAGAR COLONY | 22168 |
| 40 | 14 | 0140000119000X1 | SANDHYA DEVI | GOVIND PD. GUPTA | 9835926340 | RAM NAGAR COLONY | 21823.92 |
| 41 | 14 | 0140000697000A4 | BINDESHWAR PRASAD SINGH | INDRADEW SINGH | 8102164890 | Ram Nagar Colony Chas | 21780 |
| 42 | 14 | 0140000841000A1 | RAM DULARI DEVI | SUKHDEV PRASAD | 9430704262 | Ram nagar calony | 21262 |
| 43 | 14 | 0140000222000A1 | HARENDRA TIWARI | | 7631163618 | RAM NAGAR COLONY | 21031 |
| 44 | 14 | 0140000186000A1 | CHUNMUN PRASAD | LT- SHYAM BIHARI RAJAK | 7277259337 | RAM NAGAR COLONY CHAS BOKARO | 20517.5 |
| 45 | 17 | 0170001298000M0 | PRIYANKA KUMARI | SURESH PRASAD | 9693725120 | TEACHER COLONY CHAS | 53060 |
| 46 | 17 | 0170000524000X4 | SHIV CHARAN MAHATO | LATE BANSIDHAR GORAIN | 9852359978 | MAIN ROAD | 20931.04 |
| 47 | 17 | 0170001482000A4 | MAYNA CHATTERJEE | JITENDRA KUMAR CHATTERJEE | 7870496700 | SHIV SHAKTI NAGAR COLONY | 20196 |
| 48 | 17 | 0170001654000X4 | FURGUNA DEVI AND AMBIKA DEVI | Late aanand lal sharma and late badri nath sharma | 9507117102 | JODHADIH MORE, CHAS BOKARO | 20124 |
| 49 | 17 | 0170000105000A4 | SHUSHIL PRASAD SHARAMA | LATE RAMESHWAR SHARMA | 9204734312 | SHIV SHAKTI NAGAR CHAS | 19322 |
| 50 | 18 | 0180000679000X4 | BHARAT PETROLIUM CORPORATION | NIKITA SINGH AND NIRAJ KUMAR SINGH | 9386662405 | JODHADIHMORE CHAS | 54328 |
| 51 | 18 | 0180000152000A1 | SHARDA DEVI | PRAMAND SINGH | 9431323112 | BHAGWATI COLONY CHAS. | 35730.88 |
| 52 | 18 | 0180000039000A1 | MURLI MANOHAR , DIGVIJAY NARAYAN & KAUSHAL KISHORE | LT- LALAN SHARMA | 9709232148 | SHIVPURI COLONY, CHAS, 827013 | 29052.64 |
| 53 | 18 | 0180000242000A1 | na | na | 0 | cc | 23009.92 |
| 54 | 18 | 0320000635000A1 | ZAKI ARFIN | NA | 9955318366 | JODHADIH MORE CHAS | 21834 |
| 55 | 18 | 0180000053000X4 | KALYANI DEVI | LT- VIDESHI MAHATO | 9507170262 | SHIV PURI COLONY | 21371.28 |
| 56 | 18 | 0180000354000A1 | BHABANI DEVI | LT RAS BIHARI LAL | 7870836550 | SHIV PURI COLONY | 20165.36 |
| 57 | 18 | 0180000326000A1 | RAMA KANT SHARMA | LT SHIVDAS SINGH | 9031311404 | SHIVPURI COLONY CHAS BOKARO | 19515.76 |
| 58 | 18 | 0180000069000A1 | LALITA DEVI | CHANDRA SHEKHAR | 9279844833 | KRISHNAPURI COLONY CHAS | 19164 |
| 59 | 18 | 0320000657000A1 | SALAHUDDIN EHSAN | HAZI SAFRUDDIN | 9955318366 | JODHADIH MORE CHAS | 18712 |
| 60 | 18 | 0320000517000A1 | SALAHUDDIN EHSAN | HAZI SAFRUDDIN | 9955318366 | JODHADIH MORE CHAS | 18712 |
| 61 | 18 | 0180000217000A1 | GIRIJA DEVI | SATYA NARAYAN SAH | 9546336762 | SHIVPURI COLONY | 18650.24 |
| 62 | 19 | 0190000534000X1 | ANJANA AGRAWAL , RITA AGRAWAL & MAHESH KR. AGRAWAL | | 7909074545 | BIHAR COLONY, CHAS | 31610.36 |
| 63 | 19 | 0190000656000X4 | SAHDEV YADAV | | 9608777600 | PURULIYA ROAD CHAS | 21696 |
| 64 | 19 | 0190000324000X4 | PAWAN KUMAR AGRAWAL | BANWARI LAL AGARWAL | 9431127713 | PURULIA ROAD CHAS | 21266.8 |
| 65 | 20 | 0200000092000X1 | BASUDEO PRASAD | SRI BALMUKUND PRASAD | 9431127943 | MAIN ROAD CHAS OPP-PRABHAT HOTEL | 27997 |
| 66 | 20 | 0200000106000A4 | RAJESH CHAR MODAK RABINDRA CHAR MODAK | HARI RAM CHAR MODAK | 9304399118 | NEAR MAIN ROAD CHAS | 23324 |
| 67 | 20 | 0200000084000X1 | SAVITRI DEVI | PRAGAY KEGRIWAL | 8294004797 | PURANA TAXI STAND, MAIN ROAD | 21264 |
| 68 | 21 | 0210000269000A1 | ANJALI PANDEY AND GITA PANDEY | DWIJESH KUMAR PANDEY | 9470573011 | SADAR BAZAR, CHAS | 24326 |
| 69 | 21 | 0210000459000A4 | SRI SWAPAN KUMAR CHAKRABARTI | | 9122525777 | JURI APPARTMENT BYE PASS ROAD | 22940 |
| 70 | 22 | 0220000036000A1 | SURESH KUMAR | LATE RAMESHWAR PRASAD | 9430372239 | KUNWAR SINGH COLONY | 79626 |
| 71 | 22 | 0220000570000X1 | RAMESH NAGIYA | LATE SHYAM LAL NAGIYA | 9431162303 | HOTEL NEW RAJ PALACE CHEK POSTE CHAS | 66719.88 |
| 72 | 22 | 0220000352000X1 | SABITA SINGH | BIR BAHADUR SINGH | 7301104030 | C/O HOTEL AVTAR, CHEK POST, CHAS | 60281 |
| 73 | 22 | 0220000524000X1 | BIBEKANAND PD, VINAY SAW, BINOD KR. SAW | LAKHAN PRASAD | 8092135101 | CHECK POST, CHAS | 23763.44 |
| 74 | 22 | 0220000674000M0 | DEEPAK KUMAR | LT - BIGU SINGH | 7004589172 | KUNWAR SINGH COLONY CHAS | 22855.08 |
| 75 | 22 | 0220000791000A4 | KRISHNA KUMAR SINGH & PANKAJ KUMAR SINGH | | 9097566393 | KUNWAR SINGH COLONY CHAS | 21881.52 |
| 76 | 22 | 0220000450000X4 | SHIV PUJAN SHARMA & RAM SAKHI DEVI | LT. VEER BAHADUR SHARMA | | `1KUNWAR SINGH COLONY CHAS | 21604.4 |
| 77 | 22 | 0220000042000X1 | SHIV KUMARI DEVI | LT. NAGENDRA PRASAD GUPTA | 8987490490 | SARVODAY NAGAR, NEAR GITA SEVA SADAN | 20224.4 |
| 78 | 23 | 0230000346000A1 | SANJAY KUMAR SINGH | JANARDAN SINGH | 9835161316 | RANA PRATAP NAGAR, NEAR-GVT. DEEP BORING, | 54772.56 |
| 79 | 23 | 0230000340000X1 | SARITA AGRAWAL | LT VIJAY AGRAWAL | 8409977701 | BYE PASS ROAD CHAS, OPP-ALKA GLAS | 35568.36 |
| 80 | 23 | 0230000024000A1 | O. P. SINGH & J. P. SINGH & S. P SINGH | LATE BASISTA SINGH | 9334237477 | RANA PRATAP NAGAR, CHAS, 827013 | 21501.12 |
| 81 | 24 | 0240000142000A1 | KRITI BHUSHAN MAHTO | LATE GANGA DHAR MAHTO | 9471566459 | TELIDIH CHAS | 34628.48 |
| 82 | 25 | 0250000034000X1 | JANARDAN SAH | LATE SHIWAL SAH | 9308498787 | YADUVANSH NAGAR | 34935.12 |
| 83 | 25 | 0250000411000X1 | KAMLESH DEVI AGARWAL & KISHAN AGARWAL | SUNIL KUMAR AGARWAL | 9304541306 | YADUVANSH NAGAR, CHAS | 28299.96 |
| 84 | 25 | 0250000271000A1 | BACHI DEVI | RAM CHANDRA MISTRI | 8292316967 | YADUVANSH NAGAR NEAR KUSHAWAHA BHAWAN CHAS BOKARO | 22572 |
| 85 | 26 | 0260000061000X1 | MANOJ KUMAR SINGH | BRIJ BIHARI SINGH | 7349903556 | BEY PASS ROAD CHAS 827013 | 34539 |
| 86 | 28 | 0280000146000A1 | SUNITA KUMARI | SUDISH PRASAD | 8298088556 | PLOT NO.- 23, NAV- CHATEN COLONY, NEAR- I.T.I MORE CHAS | 27084 |
| 87 | 29 | 0290000999000X1 | SUBHADRA DEVI | MAHAVIR MAHATO | 9471711847 | TELIDIH ROAD,CHAS | 37115.68 |
| 88 | 29 | 0290001012000X1 | SUBHADRA DEVI | MAHAVIR MAHATO | 9471711847 | TELIDIH ROAD CHAS | 36425.6 |
| 89 | 29 | 0290000454000A4 | SUDHA PANDEY | JAIRAM PANDEY | 9031992044 | TELIDIH CHAS | 25247.8 |
| 90 | 29 | 0290000531000X1 | RINA SINGH | LT MANOJ KUMAR | 9933139513 | SAGAR BHAWAN, TELIDIH ROAD, OPPOSIT-GLAXY PUBLIC SCHOOL. | 21788.4 |
| 91 | 29 | 0290000228000F1 | LALITA DEVI | SATYA NARAYAN GUPTA | 8935870843 | TELIDIH MAIN ROAD CHAS | 21374 |
| 92 | 29 | 0290000139000A1 | AJAY KUMARESH | SHAMBHU PRASAD | 9525232220 | ADARAS COLONY CHAS BOKARO | 19342 |
| 93 | 29 | 0290000380000A1 | BIRBAL KUMHAR (BIRA KUMHAR) | LT. LUTAN MAHATO | 6206563702 | TELIDIH, BASTI,CHAS | 18798.56 |
| 94 | 31 | 0310000266000X4 | DINESH SINGH, DINDAYAL SINGH AND DEENANATH SINGH | BHARAT SINGH | 9263636263 | ITI MORE CHAS. | 76252.36 |
| 95 | 31 | 0310000100000F1 | ANITA DEVI KALBALIA | PRADIP KUMAR KALBALIA | 9431127181 | C/O.-BASUKI STEEL, KAMALDIH, CHAS | 43076.2 |
| 96 | 32 | 0320000704000X4 | SABITRI DEVI | LT. SANWAR LAL AGARWAL | 9431127503 | PURULIA ROAD, NEAR- SVN SCHOOL, CHAS | 68678.4 |
| 97 | 32 | 0320000474000X1 | ANIL MAHATHA | LT SITARAM MAHATHA | 9661163080 | GURUDWARA ROAD CHAS | 31363.36 |
| 98 | 32 | 0320000640000A1 | SHAKUNTALA DEVI | SURESH CHANDRA GUPTA | 9835704333 | S S COLONY | 22890.6 |
| 99 | 32 | 0320000753000A4 | SHAILENDRA KUMAR | LT NEPAL MAHATO | 9771697841 | Purulia road | 22644.8 |
| 100 | 32 | 0320000328000A1 | PREM CHAND GUPTA | LATE BANSI SHAW | 7870187733 | PATEL NAGAR CHAS | 21613.68 |
| 101 | 32 | 0320000112000A1 | KRISHNA KANT SHARMA | BHAGWAN SHARMA | 8809238067 | FL.NO. A4-A, 4TH FLR, MANSAROVAR ENCLAVE, PURULIA ROAD | 21109.8 |
| 102 | 33 | 0330000063000A1 | GOPAL CHANDRA GOPE | MOTI LAL GOPE | 8092702597 | PRATAPPUR SITE CHAS BOKARO 827013 | 19223.2 |
| 103 | 33 | 0330000075000D1 | NARAYAN SINGH CHOUDHARY & SANJAY KUMAR CHOUDHARY | LT. BANMALI SINGH CHOUDHARY | 9748489491 | JODHADIH MORE, PURULIA ROAD | 19098 |
| 104 | 33 | 0330000122000A1 | INDU DEVI | SATYANARAYAN PANDIT | 7992376977 | Jodhadih more chas chandankiyari road | 18880 |
| 105 | 34 | 0340000053000A1 | HARJEET KAUR | LATE HARBANS SINGH | 9263688733 | KEDAR DAS NAGAR CHAS | 20986.08 |

अतः उपरोक्त सभी भवन मालिकों को सूचित किया जाता है कि सात दिनों के अंदर चास नगर निगम कार्यालय में अपना होल्डिंग टैक्स (सम्पति कर) जमा करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में आपके बैंक खाता को फ्रिज करने से संबंधित कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप सभी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रशासक
–सह– अपर नगर आयुक्त
चास नगर निगम।

PR 347280 Urban Development (24-25)D

# बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**हाजीपुर (ससे):** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि के अवसर पर २७.०२ को कोनहारा घाट में पढ़ने वाले बच्चों के बीच आयोजन किया गया । बच्चों को शिवरात्रि के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी । बच्चों ने इसमें बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रथम स्थान पर रही अर्पिता कुमारी, दूसरे स्थान पर रहे दैविक




तथा तृतीय स्थान पर रहे धनक राज को पुरस्कृत किया गया एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी उपहार दिया गया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अल्पाहार दी गयी जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर संगठन की सचिव मिनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, स्कूल प्रभारी सुजाता पाण्डेय तथा अंजना चौधरी उपस्थित थीं ।

## रेप आरोपी सांसद को नहीं मिली जमानत

**लखनऊ(ईएमएस):** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गुरूवार को भी जमानत नहीं मिल सकी है। कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। विवेचनाधिकारी ने मामले की जांच पूरी करने के लिए १० दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख ११ मार्च तय की है। विवेचनाधिकारी ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभी कुछ महत्वपूर्ण जांच बाकी है।

## झारखण्ड सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय
## (जिला बाल संरक्षण इकाई),धनबाद

मिश्रित भवन, Ground Floor, कमरा नम्बर – 7
दुरभाष – 7903353045,
Email ID - dcps-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

### गुमशुदा अज्ञात बालक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद को गुमशुदा अज्ञात बालिका प्राप्त हुई है। जिसकी विवरणी निम्नवत है–



नाम–बरनाली
लिंग–स्त्री
पिता का नाम– अज्ञात
माता का नाम– अज्ञात
उम्र– 14 वर्ष लगभग
भाशा – बंगाली
रंग– साफ

बालिका बरनाली, उम्र–14 वर्ष लगभग,
माता–पिता–पता–अज्ञात है।

बालिका को चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द किया था।
बालिका बंगाली बोलती है। बालिका के अनुसार उसका पुरूलिया में है।

बाल कल्याण समिति, धनबाद के आदेशानुसार बालिका वर्तमान में मिशनरीज ऑफ चैरिटी, धनबाद में पिछले एक साल से आवासित है। यदि चार माह के अन्दर उक्त बच्ची के जैविक विधिक माता–पिता लेने नहीं आते है या दावा प्रस्तुत नहीं करते है तो ऐसी परिस्थिति में बालक को बाल कल्याण समिति, धनबाद द्वारा Adoption के लिए Legally Free घोषित कर दिया जायेगा।

आम जनता से अपील है कि इस बालक के संबंध में अगर कोई जानकारी उपलब्ध हो तो जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद के संपर्क नम्बर– 7903353045 पर जानकारी दे सकते हैं अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, धनबाद के कार्यालय मिश्रित भवन के कमरा नम्बर–7 में आकर सूचना दे सकते हैं।

**कार्यालय का पता:–**
जिला बाल संरक्षण इकाई,
मिश्रित भवन के कमरा नं0–7,
धनबाद। संपर्क नं0–7903353045

(साधना कुमारी)
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
धनबाद

PR 347303 Women, Child Development & Social Security(24-25).D

# गर्मी से पूर्व पेयजलापूर्ति व्यवस्था को करें दुरूस्तः उपायुक्त



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में संचालित विभिन्न पेयजलापूर्ति योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालीनी खालखो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता चास/तेनुघाट राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी सहायक अभियंता/ कनिय अभियंता आदि उपस्थित थे।

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान पूर्ण योजनाओं को पंचायतों को हैंड ओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पेयजल एवं पंचायती राज विभाग को समन्वय स्थापित कर टीम गठित कर सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आगामी ०७ मार्च तक हैंडओवर करने को कहा। जिस मुखिया या जल सहिया के द्वारा हैंड ओवर लेने में दिलचस्पी नहीं ली जाएगी, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मुखिया का वित्तीय क्षमता सीज की जाएगी।

इस दौरान योजनाओं के धीमी रफ्तार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी/ संवेदक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन और धीमी रफ्तार पर संबंधित एजेंसी/संवेदक को नोटिस निर्गत करते हुए कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा। समीक्षा क्रम में पंचायत के मुखिया द्वारा योजनाओं के संचालन में दिलचस्पी नहीं लेने की बात सामने आई। इस पर उपायुक्त ने सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने में अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को यह संदेश नीचे तक ले जाने की बात कहीं।

समीक्षा क्रम में १४ वे. वित्त आयोग के तहत सोलर/लघु जलमीनार के खराब पड़े जलापूर्ति योजना को दुरूस्त करने को कहा। उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया/पंचायत सचिव को वैसे जलमीनार जहां सोलर प्लेट डैमेज, मोटर खराब, हैंड पंप (पेयजल विभाग के अलावा अन्य मद से निर्मित) खराब आदि हुआ है, उसे दुरुस्त करने का कार्य करें।

उपायुक्त ने संबंधित सहायक अभियंता/ कनीय अभियंता को लंबे समय से पेजयलापूर्ति बाधित होने की किसी तरह की शिकायत प्राप्त नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने की बात कहीं, खराब चापाकलों की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करें।

समीक्षा क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता ने जल सहियाओं द्वारा खराब चापाकलों एवं मरम्मती के बाद दुरुस्त चापाकलों की फोटो अपलोड की जानी है,जो नहीं हो रही है, जिससे कार्य निष्पादन में परेशानी हो रही है। इस पर उपायुक्त ने जल सहियाओं का प्रखंडवार कार्यशाला शिड्यूल करने को संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में पेयजलापूर्ति पाइप अधिष्ठापन को लेकर विभिन्न विभागों से लंबित एनओसी की भी उपायुक्त ने समीक्षा की। समीक्षा में राष्ट्रीय राज मार्ग, वन विभाग एवं पथ प्रमंडल विभाग से संबंधित एनओसी को अविलंब विभाग को समर्पित करने को कहा। उन्होंने मिशन मोड में खराब पेयजलापूर्ति व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने को कहा।

इस दौरान सिंगल विलेज स्किम (एसवीएस) के दौरान विभिन्न प्रखंडों में पेयजल विभाग की सोलर जलापूर्ति योजना के खराब इकाईयों को दुरूस्त करने को कहा। उन्होंने नावाडीह प्रखंड के मुंगो रंगामाटी के सोलर पैनल दुरुस्त करने, मोटर दुरुस्त करने के लिए एम.एस आरती कंस्ट्रक्शन नावाडीह के पोखरिया/ चपरी के सोलर पैनल दुरुस्त करने, मोटर दुरुस्त करने के लिए एम.एस अधिर प्रसाद चौधरी, नावाडीह के पोखरिया के सोलर पैनल दुरुस्त करने, मोटर दुरुस्त करने के लिए तेज नारायण तिवारी, पेटरवार के उलगढ़ा में मोटर दुरुस्त करने के लिए एम.एस प्रोग्रेसिव कंस्ट्रक्शन एजेंसी आदि को नोटिस कर कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

# अनुकंपा समिति ने 4 की नियुक्ति के लिए की अनुशंसा



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल ०६ मामलों पर सुनवाई की गई।

बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी बोकारो प्रांजल ढांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त विजया जाधव व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रमवार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति/आय/आवासीय/चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल १० मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल ०४ मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने इस बाबत स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

०४ मामलों में जिला शिक्काषा पदाधिकारी बोकारो से संबंधित ब्युटी भट्टाचार्य, चांदमनी सोरेन एवं मीना कुमारी का तीन मामला और प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा से संबंधित राजेश कुमार मुर्मू एक मामला शामिल था।

# ई रिक्शा व मोटरसाइकिल में टक्कर, चालक की मौत

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा सतगावां थाना अंतर्गत समय ८ संध्या के समय में ई रिक्शा एवं मोटरसाइकिल में महथा खैरा के पास टक्कर हो गई। जिसमें ई रिक्शा का नंबर भी आर २७इ आर ७०१२ मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो का नंबर भी आर २७ई १६८० हैं जिसमें ई रिक्शा में सवार सचिन कुमार उम्र २२वर्ष पिता बिन्देश्वरी प्रसाद यादव और ई रिक्शा चालक, कन्हैया कुमार पिता सुबोध सिंह ग्राम माधोपुर बताया गया कि दोनों एक ही गांव के रहने वाला है इस दुर्घटना में दोनों जख्मी हो गये । जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया है बताया जाता है जहां कन्हैया कुमार को इलाज के क्रम में मौत हो गई । मृतक के शव को अंतय परीक्षण के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया पोस्ट मार्टम के शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पिता एक वर्ष पूर्व दुर्घटना में विकलांग हो गया था मृतक ही ई रिक्शा चला कर पुरे परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं दुर्घटना के उपरांत कामोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल छोड़ के फरार हो गया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष का निधन



**डुमरी (ससे) :** कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रमजान अंसारी (६५) की आकस्मिक इंतकाल आज (गुरुवार को) सुबह हो गया।खेतको निमियाघाट स्थित कब्रिस्तान में मिट्टी दिया गया। इसके पूर्व कांग्रेस प्रखंड कमिटी द्वारा रमजान अंसारी के पार्थिव शरीर पर शरीर पर पार्टी झंडा ओढ़ा कर सम्मान दिया गया। वहीं इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अहमद नूरी उपाध्यक्ष इमरान अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक उर्फ सरफराज अहमद प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर महासचिव सदिक अली, युसूफ अन्सारी, जबार अन्सारी, उस्मान अन्सारी, अब्दुल अंसारी, मुकेश कुमार, बिनोद तुरी, जगदीश रजक, सनाउल्लाह अंसारी, तिलक महतो, इकबाल अंसारी, ईमामुदीन अंसारी, महेन्द्र बिन्द, अमानत अंसारी आदि उपस्थित थे।

# पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए सहायता प्रदान करता काउंसलिंग



**बोकारो (ससे):** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड अपने कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक और पेशेवर सशक्तिकरण के प्रति सतत प्रयासरत है। इसी दिशा में, ईएपी इंडिया के साथ किए गए एक समझौता ज्ञापन के तहत कर्मचारी सहायता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसे सेल की सभी इकाइयों में लागू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक काउंसलिंग सहायता प्रदान करना है। यह पहल तनाव प्रबंधन, संघर्ष समाधान, व्यक्तिगत संबंधों में सामंजस्य, चिंता एवं अवसाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, शोक एवं शोक-संतप्ति, दुर्व्यवहार एवं आघात, वित्तीय असुरक्षा जैसी जटिल परिस्थितियों से उबरने में सहायता प्रदान करेगी।

बोकारो स्टील प्लांट में इस पहल का औपचारिक शुभारंभ २७ फरवरी २०२४ को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में कर्मचारी, तथा ईएपी इंडिया की फाउंडर डायरेक्टर भारती महिमकर और उनकी टीम उपस्थित रही। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने इस पहल को कर्मचारियों और उनके आश्रितों के मानसिक, भावनात्मक और पेशेवर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान ईएपी इंडिया- की टीम ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह काउंसलिंग सेवा पूरी तरह से नि:शुल्क, गोपनीय और सुरक्षित है। न केवल कर्मचारी, बल्कि उनके आश्रित भी बिना किसी झिझक के ईएपी इंडिया से सीधा संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

इस पहल के तहत कर्मचारियों के लिए २४७ टेलीफोनिक परामर्श, वेब एँवं मोबाइल-आधारित ई-काउंसलिंग, वीडियो काउंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त, यह योजना मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल की चुनौतियाँ, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याएँ, वित्तीय एवं कानूनी परामर्श जैसी आवश्यकताओं के लिए विशेषज्ञ सहायता भी प्रदान करती है।

यह सेवा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है, जिससे इसे अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया है। सेल के कर्मचारी ईएपी इंडिया के हेल्पलाइन नंबर १८००-८९०-९८१०, नंबर ८६९३८२२२२६, या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू .ईएपी इंडिया.कॉम पर रजिस्टर कर कभी भी संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, किसी भी अप्रत्याशित घटना या आपात स्थिति में ४८ घंटे के भीतर त्वरित परामर्श सेवा प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है, जिससे संकट के समय तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके।

सेल द्वारा शुरू की गई यह पहल कार्यस्थल पर एक स्वस्थ, सशक्त और सहयोगी वातावरण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न केवल कर्मचारियों के मानसिक और भावनात्मक कल्याण को सुदृढ़ करेगी, बल्कि उनके पेशेवर विकास को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सहायक होगी।

# लाभुकों के बैंक खाते में भेजी गई किस्त

**बोकारो (ससे):** गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के अबुआ आवास योजना (एएवाई) के लाभुकों को वित्तीय वर्ष २०२३ - २४ एवं २०२४ - २५ के प्रथम, द्वतीय, तृतीय एवं चतुर्थ किस्त का भुगतान किया। उन्होंने योजना के लाभुकों से अपील किया है कि वह योजना के किस्त (राशि) को अन्यत्र खर्च नहीं करेंगे। वह अपने आवास का निर्माण शुरू करें एवं अपूर्ण आवासों को पूरा करने के दिशा में काम करें।

उपायुक्त ने लाभुकों से कहा कि वह अपने बैंक खाते का एटीएम कार्ड किसी दूसरें को नहीं दें। किसी बिचौलियां के चक्कर में नहीं आएं। अगर कहीं कोई दिक्कत-परेशानी होती है, तो आवास समन्वयक, अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से संपर्क करें। जानकारी हो कि, अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में कुल २२७ लाभुकों के बीच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का कुल २,०३,१०,००० राशि भेजा गया। वहीं, वित्तीय वर्ष २०२४ - २५ के कुल १५९९ लाभुकों के बीच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त कुल ७,३१,६०,००० राशि भेजा गया।



# त्रुटि निराकरण के लिए परिशोधन पोर्टल के माध्यम से करें आवेदनः उपायुक्त

**बोकारो (ससे):** विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया में आनलाइन रिकार्ड में जमीन का किस्म शिकमी करने पर चास के लोगों में रोष से संबंधित खबर प्रकाशित/प्रसारित किए जाने पर उपायुक्त विजया जाधव ने स्वत: संज्ञान लेते हुए गुरुवार को आमजनों से अपील किया है कि जमीन के खाते से संबंधित यदि ऑन लाइन किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो त्रुटिकरण के निराकरण के लिए परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। आमजन कामन सर्विस सेंटर (सीएससी/प्रज्ञा केंद्र), साइबर कैफे, अंचल कार्यालय आदि के माध्यम से परिशोधन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। ताकि आवेदन की जांच कर त्रुटि का निराकरण ससमय किया जा सकें। इस बाबत अपर समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी चास समेत अन्य कर्मचारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दे दिया गया है।

# शोकाकुल परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस



**कोडरमा (ससे):** कोडरमा राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने मरकच्चो के महुगांय निवासी सह राजद नेता सरफुद्दीन अंसारी की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर झुमरीतिलैया के सुभाष चौक निवासी सह राजद कार्यकर्ता विपुल केशरी की राजस्थान में हुई असामयिक मौत पर गहरा दु:ख जताया।उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट किया।

उन्होंने परिजनों को विश्वाश दिलाया कि बच्चो की पढ़ाई और जीविकोपार्जन के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। वहीं राजद नेता ने कोडरमा प्रखण्ड के चुटियारो निवासी की संदेहास्पद कुवाँ में मिली शव मामले में पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मुलाकात की।ग्रामीणों ने मृतक उपेंद्र राणा की मौत से जुड़ी बातों को साझा किया। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने को लेकर यथासंभव मदद का भरोशा दिया।उन्होंने मृतक के दिव्यांग माँ को पुलिस से बातचीत कर जांच में तेजी लाने का विश्वास दिलाया। श्री यादव ने कहा कि कोडरमा विधानसभा मेरे लिए परिवार है, इस परिवार के सुख दु:ख में बराबर का हिस्सेदार हूँ। मौके पर कंचन यादव,मंटू यादव,उमाशंकर यादव, सुरेंद्र राम, यमुना यादव, रंजीत साव, दीपक यादव, महेश यादव समेत पीड़ित परिवार के कई लोग मौजूद थे।

# बिहार के नए पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने संभाला पदभार

**पटना (एजेंसी):** बिहार सरकार में कैबिनेट विस्तार के बाद नए पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने पदभार ग्रहण किया. इस अवसर पर उन्होंने राज्य के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई. मंत्री राजू सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी पढ़ाई और व्यवसाय देश के बाहर किया है, जिससे उन्हें पर्यटन क्षेत्र का गहरा अनुभव है. इसी अनुभव का उपयोग करते हुए वे बिहार में पर्यटन को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे. पर्यटन मंत्री ने वैशाली जिले को लेकर अपनी विशेष योजना साझा की. उन्होंने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण स्थान है और इसे एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता होगी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बिहार सरकार ऐतिहासिक, बौद्ध, जैन और आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विशेष योजनाएं बना रही है.

पर्यटन हब बनाने के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू होगामंत्री राजू सिंह ने कहा कि सरकार बिहार को पर्यटन हब बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी. इसके लिए नई रणनीति तैयार की जाएगी और सरकार नए निवेश को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी. उन्होंने यह भी बताया कि पर्यटन विभाग जल्द ही कई नए प्रोजेक्ट्स और योजनाओं पर काम शुरू करेगा, जिससे वैशाली सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों का समुचित विकास हो सके.


## भु-सम्पदा पदाधिकारी का न्यायालय

### कुसुण्डा क्षेत्र

एतद द्वारा सुचित किया जाता हैं कि परियोजना पदाधिकारी, ए.डी.आई.सी कोलियरी, कुसुण्डा क्षेत्र ने आपके विरूद्ध लोक परिसर पर अनधिकृत कब्जा का मुकदमा दायर है। आपको न्यायालय द्वारा (अनधिकृत दखल कारो की बेदखलि) अधिनियम 1971 की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन नोटिस दिया गया है। पुन: आपको सुचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा दिनांक 02.04.2025 को न्यायालय में उपस्थित हो कर कारण पृच्छा दे अन्यथा एक तरफा सुनवाई कर समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

| क्र. स. | मुकदमा संख्या | प्रतिवादी का नाम | अतिक्रमण का विवरण | प्लाट संख्या | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 149/2024 | श्री बिनोद प्रसाद | कम्पनी आवास और जमीन | 84, 85 | नोर्थ भगतडीह कॉलोनी, धनसार ब्लाक सं.-02, आवास सं.-10 पो.-धनसार थाना-धनसार जिला-धनबाद |

ह./- भू-सम्पदा पदाधिकारी
कुसुण्डा क्षेत्र संख्या-VI


# शिवालयों में शिवरात्रि पर की गई पूजा-अर्चना





**कोडरमा (ससे):** कोडरमा सतगावां के देवघर धाम घोडसीमर में किया गया है मेले का आयोजन। कोडरमा जिले के सतगावां प्रखण्ड में विभिन्न शिवालयों में शिवरात्रि को सुबह से ही भीड़ से लगने लगी है।

प्रखण्ड के प्रसिद्ध शिव मंदिर देवघर धाम, टेहरो स्थित महेश्वर नाथ मंदिर ,सतगावां थाना परिसर स्थित मंदिर, बाली महादेव मंदिर व अन्य मंदिरों धुमधाम से पुजा अर्चना की जा रही है। इस मौके पर थाना परिसर सतगावां शिव मंदिर से बारात निकाली गयी यहां से प्रखण्ड परिसर के मंदिर में जाकर शिव पार्वती का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया । जबकि देवघर धाम स्थित शिव मंदिर परिसर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया।

यहां तीन दिवसीय मेला लगता है जहां प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के अलावा गिरिडीह जिले के गावां तीसरी प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के लोग में आते हैं वहीं बिहार राज्य के गोविन्दपुर प्रखण्ड अकबरपुर प्रखण्ड कौआकोल प्रखण्ड सिरदला प्रखण्ड के सैकड़ों गांवों से लोग बाग यहां पुजा अर्चना करने तथा मेले में आते हैं। एसी मान्यता है कि इस मंदिर में पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। लगभग दस एकड़ भूभाग में यहां एक विशाल मंदिर है जहां लगभग पांच फ़ीट गोलाई और इतना ही चौडांई का एक विशाल शिवलिंग है मंदिर के अंदर विभिन्न देवी देवताओं की बेशकीमती पत्थरों पर बेहतरीन तरीके से नक्काशी वाले कई मुर्तियां हैं जबकि मंदिर के बाहर यक्ष यक्षिनी और कई अन्य देवी देवताओं मुर्तियां विराजमान हैं। एसी किंग वदंति है कि प्राचीन काल में यहां किसी राजा का किला रहा होगा जो कालांतर में ध्वस्त होता चला गया ।आज भी मंदिर के अगल बगल में खेतों में हल चलाते या काम करते समय कई मुर्तियां निकलती हैं जिसे लोग मंदिर में स्थापित करते हैं ।

यहां कई बेशकीमती पत्थरों की मुर्तियां चोरी हो गई हैं। ग्रामीण लोगों ने बताया कि मंदिर के बाहर भगवान विष्णु की एक मुर्ती थी जिसे कुछ वर्ष पूर्व चोरों ने चुराने का प्रयास किया था लेकिन जब चोरों ने मुर्ती को उठाने का प्रयास किया तो उपस्थित सभी चोर अचानक अंधे हो गए थे। सुबह होने पर ग्रामीणों के सामने माफी मांगने के बाद मंदिर प्रक्षेत्र से बाहर निकलने पर उन लोगों की आंखों की रौशनी वापस आयी ।

मंदिर का वर्णन विष्णु पुराण में भी बताया जाता है। विष्णु पुराण में इसकी चौहदी का जिक्र किया गया जिसमें बताया गया है कि इसके उत्तर में सकरी नदी दक्षिण में महावर पहाड़ पुरब में शिवपुरी गांव तथा पश्चिम में दर्शनीय नाला का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार लोगों का कहना है कि सही देवघर धाम यही है। सावन महीने में भी यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ प्रतिदिन जलाभिषेक इस मंदिर करते देखे जाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व पर्यटन विभाग की टीम ने यहां निरीक्षण किया और पर्यटन विभाग की ओर इसे पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है और कुछ विकास के कार्य किया गया है।इसे सजा संवारकर एक बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्कता।

# शिकायत निवारण समिति की बैठक

**डुमका (ससे) :** प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक पदेन अध्यक्ष प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिकारी पाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी रोहित वर्मा प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अशफाक अहमद अंचल निरीक्षक बृजेंद्र उपाध्याय प्रखंड सांख्यिकी पर्यविक्षक गौतम मंडल एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुशीला टुड्डू के साथ प्रखंड के जनसेवक पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मी मौजूद थे। बैठक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अशफाक अहमद ने धान क्रय के साथ-साथ कृषि फसल बीमा के संबंध में विस्तृत रूप से बताया।

# 3 मार्च को होगा बजट पेश, 2 क्षेत्र में सरकार का सबसे ज्यादा फोकस, मंईयां सम्मान योजना के लिए भी प्लान तैयार

**रांची (एजेंसी):** झारखंड सरकार ३ मार्च को अपना बजट पेश करेगी, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार का पहला बजट होगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर इस बजट को पेश करेंगे और इस पर लोगों की कई उम्मीदें हैं।

सरकार का फोकस मुख्य रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक क्षेत्र पर होगा। खासतौर पर, 'मंईयां सम्मान योजना' पर बड़ी राशि खर्च की जाएगी।



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए होगा। सरकार सामाजिक क्षेत्र में भी लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कदम उठाएगी। इस वित्तीय वर्ष का बजट १.२८ लाख करोड़ रुपये का है, और राजस्व संग्रहण का लक्ष्य ७८,०४७ करोड़ रुपये है। जनवरी तक ६० प्रतिशत राजस्व संग्रह हो चुका है, लेकिन यह चुनावी वर्ष था। वित्त मंत्री ने कहा कि आगामी बजट में जनता पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं डाला जाएगा।

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रयास कर रही है, ताकि राजस्व में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि अगर टैक्स चोरी रोका जाए तो ७ से ८ हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो सकती है। इसके अलावा, सरकार राज्य के सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी काम करेगी।

फाइनेंशियल प्रबंधन पर बात करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि विभागों को सलाह दी गई है कि खर्च केवल कागजों पर नहीं, बल्कि उसका वास्तविक परिणाम भी देखा जाए। उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग ३ महीने के अंतराल पर की जाएगी, ताकि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो सके।

## सरयू राय को कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**रांची (एजेंसी):** रांची सिविल कोर्ट ने जदयू विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय को अग्रिम जमानत दे दी है। पिछले सप्ताह उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। कोर्ट ने १०-१० हजार रुपये के २ निजी मुचलके भरने की शर्त पर उन्हें राहत दी है। बता दें कि सरयू राय पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की संचिका से अंदरूनी दस्तावेज चोरी करने का आरोप है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने २ मई २०२२ को डोरंडा थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान अनुसंधान पदाधिकारी ने आरोपों को सही पाया।

# जेपीएससी सिविल सेवा घोटाले में बड़ा झटका, सीबीआई कोर्ट से 10 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**रांची (एजेंसी):** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा भर्ती घोटाले में आरोपितों को सीबीआई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। सीबीआई अदालत ने १० आरोपितों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने हरिबंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, प्रवीण रोहित कुजूर, और बिजय कुमार सहित अन्य आरोपितों को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया।



आरोपितों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, जिसमें वे अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत से राहत की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन अदालत ने उनके सभी तर्कों को नकारते हुए जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। इस फैसले से आरोपितों को एक बड़ा झटका लगा है। अदालत ने अजय सिंह बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है और इस मामले में अपना निर्णय २८ फरवरी को सुनाएगी। वहीं, सीमा सिंह और मोहन लाल मरांडी की जमानत याचिकाओं पर मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई की जाएगी।

अब तक क्या हुआ है?

सीबीआई कोर्ट पहले ही ३२ आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई कर चुका है। इन याचिकाओं में से अब तक १० आरोपितों की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। इससे पहले अदालत ने अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास और साधना जयपुरिया की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दी थीं।

सीबीआई का संज्ञान और समन

ज्ञात हो कि सीबीआई कोर्ट ने १६ जनवरी को मामले में ४७ भ्रष्ट अफसरों सहित ७४ लोगों के खिलाफ संज्ञान लिया था और समन जारी किया था। इस घोटाले में जेपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में भ्रष्टाचार का आरोप है, जिसमें कई अधिकारियों और कर्मचारियों का नाम सामने आ चुका है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र की सड़क हादसे में मौत, शिवरात्रि का मेला देखकर लौट रहा था

**रांची (एजेंसी):** रांची नेशनल हाईवे पर बुधवार की रात एक सड़क हादसा हुआ। हाइवा की टक्कर से सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान अर्णव कुमार के रूप में हुई है। अर्णव अपने दोस्त के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से सुआ कौड़िया गांव में महाशिवरात्रि का मेला देखने गया था। वापसी के दौरान जोरकट में हाइवा ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में अर्णव की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। अर्णव नौवीं कक्षा में पढ़ता था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## हेमंत सोरेन से राज्यपाल ने जताई हजारीबाग की घटना पर चिंता, पेसा कानून- को लागू करने का दिया निर्देश

**रांची (एजेंसी):** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व के दिन हजारीबाग में घटित हिंसक घटनाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और घटना की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की अपील की। इसके अलावा, राज्यपाल ने झारखंड में पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शीघ्र नियमावली गठित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वशासन को सशक्त बनाने के लिए पेसा कानून का उचित क्रियान्वयन आवश्यक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को आश्वासन दिया कि सरकार हिंसा की घटनाओं की पूरी जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पेसा कानून को लागू करने के लिए नियमावली शीघ्र तैयार की जाएगी, ताकि राज्य में आदिवासी स्वशासन को सशक्त किया जा सके।

# झारखंड में वैज्ञानिकों ने की बड़ी खोज, पाकुड़ में मिला 14 करोड़ साल पुराना जीवाश्म

**पाकुड़ (एजेंसी):** झारखंड के पाकुड़ जिले के बरमसिया गांव में वैज्ञानिकों ने करोड़ों साल पुराने एक पेड़ के जीवाश्य (पेट्रोफाइड फॉसिल) की खेज की है। भूवैज्ञानिक डॉ रंजीत कुमार सिंह और वन रेंजर रामचंद्र पासवान ने क्षेत्र का दौरा करते समय यह दुलर्भ अवशेष पाया। वैज्ञानिकों के अनुसार यह जीवाश्म लगभग १० से १४.५ करोड़ साल पुराना हो सकता है।



यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इससे प्राचीन काल के पर्यावरण और जैव विविधता को समझने में मदद मिलेगी। साथ ही यह स्थानीय लोगों के लिए भी गर्व की बात है, क्योंकि यह उनकी प्राकृतिक धरोहर को दर्शाता है। डॉ सिंह का कहना है कि इस क्षेत्र में और अधिक शोध की जरूरत है ताकि जीवाश्म की सही उम्र और इसके बनने की प्रक्रिया को समझा जा सके। रेंजर रामचंद्र पासवान ने लोगों से अपील की है कि वे इस स्थल की सुरक्षा करें और इसे किसी भी तरह के नुकसान से बचाएं। उनका मानना है कि यह खोज पर्यटन को भी बढ़ावा दे सकती है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

डॉ सिंह का कहना है कि पाकुड़ जिला पेट्रोफाइड फॉसिल (जीवाश्म लकड़ी) का बड़ा केंद्र है। यहां के ग्रामीण दशकों से इस लकड़ी को पूजते आ रहे हैं, क्योंकि यह सामान्य चट्टानों से अलग दिखती है। अब वैज्ञानिक इस क्षेत्र को संरक्षित करने और इसे एक जियोपार्क के रूप में विकसित करने की योजना बना रहे हैं। झारखंड वन विभाग के अधिकारी मनीण तिवारी के साथ इस विषय पर चर्चा की जा रही है। अगर यह योजना सफल होती है, तो यह क्षेत्र वैज्ञानिक अनुसंधान और पारिस्थतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे न सिर्फ जीवाश्मों का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# फर्जी भर्ती गिरोह का भंडाफोड़, सेना समेत कई विभागों में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**जमशेदपुर (एजेंसी):** जमशेदपुर पुलिस ने सेना, रेलवे, आरपीएफ और एफसीआई समेत केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चास थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी मनीष कुमार उर्फ अभय कुमार, पश्चिम बंगाल के आसनसोल नार्थ के दिनेश कुमार, कसमार थाना क्षेत्र के बगदा गांव के दीपराज कुमार भट्टाचार्य, और टांगटोना बगियारी गांव के मंतोष कुमार महली शामिल हैं।



**गिरफ्तार आरोपियों के पास से बरामद फर्जी दस्तावेज**

पुलिस ने आरोपियों के पास से इंडियन आर्म्ड फोर्सेज का फर्जी आईडी कार्ड, जिसमें चीफ इंजीनियर की मोहर लगी हुई थी, एक आधार कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एक पैन कार्ड, एक बिना नंबर प्लेट की सफेद वैगन आर कार, भारतीय सेना की फर्जी पिस्टल और ३० गोली बरामद की है।

एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मामले में बिष्टुपुर थाने में केस दर्ज किया गया था, और लखनऊ स्थित मिलिट्री इंटेलिजेंस ने भी जांच करने के लिए कहा था। इसके बाद सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (डखढ) बनाई गई। टीम ने इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# बादलों ने लिया यू-टर्न, अगले 2-3 दिन में तेज बारिश की संभावना, ठंड का असर बढ़ेगा

**रांची (एजेंसी):** झारखंड में मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पिछले २४ घंटे के दौरान राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में हल्के बादल देखे गए, लेकिन बारिश का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया। राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिले जैसे पलामू, कोडरमा और चतरा में भी बादल छाए रहे, हालांकि यहां भी बारिश का कोई रिकॉर्ड नहीं था। इस दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट आई, जिससे दिन में हल्की ठंड का अनुभव हुआ। अब, मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले २-३ दिन में स्थिति में बड़ा बदलाव आ सकता है और राज्य में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर देखने को मिलेगा, जिससे कई जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से अगले कुछ दिनों में मौसम में काफी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि आगामी २-३ दिन में यह डिस्टरबेंस राज्य के कई हिस्सों पर प्रभाव डालेगा और इसके कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है। हालांकि, आज यानी गुरुवार को केवल आंशिक बादल छाए रहेंगे और बारिश का कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा। अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, जिससे दिन में ठंड बढ़ेगी। वहीं, न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

मौसम केंद्र के अनुसार, आज के दिन कुछ जिलों में हल्के बादल होंगे, खासकर उत्तर-पश्चिमी जिलों जैसे पलामू, गुमला, चतरा और कोडरमा में दिन में ठंड महसूस होगी। अन्य जिलों में मौसम सामान्य और शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में २-३ डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है, जबकि न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। इससे दिन के समय ठंड का असर बढ़ने की संभावना है।

बीते २४ घंटों के दौरान, झारखंड के विभिन्न जिलों का तापमान विभिन्न रहा। राज्य का सबसे गर्म जिला सरायकेला रहा, जहां का अधिकतम तापमान ३३.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे ठंडा जिला चतरा रहा, जहां न्यूनतम तापमान १०.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान संकेत दे रहा है कि राज्य के कुछ हिस्सों में ठंड का असर और बढ़ सकता है।

देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में अधिकतम तापमान ३२ डिग्री और न्यूनतम तापमान १६ डिग्री रहने की संभावना है। कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और पलामू में अधिकतम तापमान ३१ डिग्री और न्यूनतम तापमान १५ डिग्री हो सकता है। बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी, गुमला में अधिकतम तापमान ३० डिग्री और न्यूनतम तापमान १३ डिग्री रह सकता है।

# ममता का मजाक बनाने के आरोपी को कलकत्ता हाईकोर्ट से राहत

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मजाक बनाने के आरोपी एक शख्स को राहत देकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुकदमा ही खारिज किया है।

कोलकता हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि ममता और अन्य नेताओं का मजाक बनाने के आरोप में कोई ऐसा पुख्ता सबूत नहीं मिला है कि केस चलाया जाए। जस्टिस अजय कुमार गुप्ता ने कहा, केस डायरी और उपलब्ध सबूतों की विस्तार से जांच करने के बाद आरोपी के खिलाफ प्रथमदृष्टया कोई मामला नहीं बनता। बिना किसी सबूत के ही चार्जशीट भर दाखिल करने से केस आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। इसके अलावा ऐसा करना आरोपी के खिलाफ पूर्वाग्रह रखना और उसका उत्पीड़न करने जैसा होगा।

दरअसल आरोपी के खिलाफ ममता बनर्जी और कुछ अन्य नेताओं का मजाक उड़ाने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। इसके खिलाफ आरोपी ने सेक्शन ४८२ के तहत अदालत का रुख कर कहा था कि मेरे खिलाफ दर्ज केस को खत्म किया जाए। आरोपी का कहना था कि उसने यूट्यूब पर कोई बात कही थी और उसी के आधार पर साजिश रचकर कुछ लोगों ने उन्हें फंसा दिया। आरोपी ने कहा कि मेरी ऐसी कोई मंशा नहीं थी कि किसी का अपमान किया जाए। उस पर इस आरोप में केस दर्ज हुआ था कि उसकी टिप्पणी से सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है।

आरोपी ने कहा कि मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं। मेरा उस कृत्य में कोई रोल ही नहीं है, जिसके आधार पर मेरे ऊपर केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने कहा कि मेरा उत्पीड़न करने के उद्देश्य से फर्जी केस दायर किया गया है। इस पर बेंच ने सहमति जताकर कहा कि यदि इस केस को आगे बढ़ाया गया तब यह याची का उत्पीड़न होगा।

# ना तो आप विद्वान हैं और ना हिटलर : मंत्री इरफान अंसारी

**रांची (एजेंसी):** झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, '' जिसके किरदार पे शैतान भी शर्मिंदा है, वो भी आये हैं यहां करने नसीहत हमको। सीपी सिंह जी ना तो आप विद्वान हैं, और ना ही हिटलर, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के प्रति आपकी जो मानसिकता है वो निम्न स्तरीय है। हम आपकी वरिष्ठता और अनुभव का सम्मान करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप सदन में अनर्गल बातें करेंगे। आपका आचरण पूरी तरह से अनुचित है।अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे मदरसे में भी पढ़ते हैं और अंग्रेजी मीडियम स्कूल तथा कॉलेज में भी पढ़कर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर भी बन रहे हैं। मैं खुद भी मदरसे में पढ़ा हूँ और इंग्लिश मीडियम में भी पढ़ाई की है। ऐसे में आपकी संकीर्ण सोच समाज में गलत संदेश दे रही है।

वहीं इरफान अंसारी ने यह भी कहा कि हमारी सरकार सर्वधर्म समभाव की बात करती है और यही हमारे झारखंड की सबसे बड़ी खूबसूरती है। यह हर उस प्रयास में निहित है जो समाज को बांटने वाली ताकतों के विरुद्ध प्यार और समझदारी को बढ़ावा देता है। भाजपा वाले अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं इसलिए वे धार्मिक उन्माद और नफ़रत फैलाने वाले को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन हमें नफ़रत के बाजार में मोहब्बत की




दुकान खोलनी है। हमें मानवता के रास्ते पर चलते हुए एक-दुसरे का सम्मान करना है और आगे बढ़ना है। धैर्य, सहनशीलता, और एकता के साथ हम सभी को मिलजुल कर रहना हैं साथ ही एक दूसरे के साथ शांति और सद्भाव से जीवन बिताते हुए झारखंड को आगे बढ़ाना हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले इवोरियन राजदूत और बाल संरक्षण मंत्री

**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज झारखंड विधानसभा में झारखंड परिभ्रमण पर पहुंचे महिला, परिवार और बाल संरक्षण मंत्री, कोटे डी आइवर गणराज्य, युफ्रासी कोउसी याओ तथा पूर्व महिला संवर्द्धन मंत्री एवं इवोरियन राजदूत, महामहिम एरिक केमिली एन'ड्राई ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### कैबिनेट से मिली वक्फ---

सदन इसे कभी नहीं मानेगा। संसदीय समिति ने वक्फ बिल में नए बदलावों पर अपनी रिपोर्ट को २९ जनवरी को मंजूरी दी थी। इस रिपोर्ट के पक्ष में १५ और विरोध में १४ वोट पड़े थे। रिपोर्ट में उन बदलावों को शामिल किया गया है, जो बीजेपी सांसदों ने दिए थे। विपक्षी सांसदों ने वक्फ बोर्डों को खत्म करने की कोशिश बताते हुए असहमति नोट जमा कराए थे। विपक्ष ने वक्फ बिल को लेकर कई आपत्तियां दर्ज कराई थीं। इसके अलावा वक्फ बाय यूजर प्रावधान को हटाने के प्रस्ताव का विरोध भी किया था।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज---

सेवाओं के सेवारत और सेवानिवृत्त पदाधिकारियों, राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षकों, निबंधित अधिवक्ताओं, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ताओं, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड, निगम और संस्थानों में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों सहित अन्य लाभार्थियों और उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि इस योजना से राज्यकर्मियों और पेंशनरों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा और चिकित्सा सहायता मिल सकेगी, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### जीएसटी और सीमा शुल्क के---

प्रावधान, जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होंगे। इस फैसले के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को जीएसटी या कस्टम कानून के तहत गिरफ्तारी का डर है, तो वह अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, भले ही एफआईआर दर्ज न हुई हो। इस मामले में विस्तृत फैसला आना अभी बाकी है। यह याचिका २०१८ में राधिका अग्रवाल नाम की महिला तरफ से दायर की गई थी।

### मणिपुर सीएम की रेस में----

नए सीएम के नाम पर विधायकों में सहमति नहीं बनने पर केंद्र ने १३ फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया। राज्य में अभी विधानसभा भंग नहीं हुई है। ऐसे में भाजपा १० मार्च से पहले सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। ६० सीटों वाले मणिपुर विधानसभा में भाजपा के ३७ विधायक हैं। इनमें २७ मैतेई, ६ कुकी, ३ नगा और १ मुस्लिम हैं। एनडीए के कुल ४२ विधायक हैं। इसमें नेशनल पीपल्स फ्रंट के भी ५ विधायक शामिल हैं।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन महाधिवेशन शुरू, अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का चुनाव आज

**रांची (एजेंसी):** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का दो दिवसीय महाधिवेशन गुरुवार को प्रारंभ हुआ, जिसमें राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईजी अनूप बिरथरे, डीआईजी नौशाद आलम, और एसोसिएशन के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। महाधिवेशन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना और पुलिस कल्याण को सुनिश्चित करना था।




**डीजीपी का भरोसा और वादा**

अपने उद्घाटन भाषण में डीजीपी ने पुलिस अफसरों को भरोसा दिलाया कि झारखंड पुलिस में जो भी प्रमोशन के काम बाकी हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी पारदर्शिता बनाए रखने का वादा किया।

डीजीपी ने कहा कि राज्य में सैकड़ों पुलिस अफसर और कर्मी हैं, और उनकी समस्याओं को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के माध्यम से समझा और हल किया जा सकता है।

महाधिवेशन के दौरान, वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने डीजीपी के सामने अपनी मांगें रखीं और पुलिस कल्याण के लिए उनके सहयोग की उम्मीद जताई। डीजीपी ने नए चुनाव के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि जो भी नए पदाधिकारी चुने जाएं, उन्हें अपने साथियों के हित में काम करना चाहिए।

महाधिवेशन के दूसरे दिन यानी २८ फरवरी को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों के लिए चुनाव होंगे। इस बार सात पदों के लिए १७ प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें से अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी, उपाध्यक्ष पद के लिए पांच, महामंत्री पद के लिए तीन, संयुक्त सचिव पद के लिए चार और संगठन सचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं।

प्रत्याशी सूची- अध्यक्ष पद: राहुल कुमार मुर्मू, रवींद्र कुमार, कमलेश सिंह

उपाध्यक्ष पद: निरंजन तिवारी, रोहित कुमार रजक, रामाकांत उपाध्याय, महताब आलम, अशोक तिवारी।

महामंत्री पद: संजीव कुमार, अरविंद कुमार यादव, नीलमणी राम।

संयुक्त सचिव पद: संतोष कुमार महतो, राकेश कुमार पांडेय, श्रीकांत शर्मा, मनोज पासवान।

संगठन सचिव पद: मंटू कुमार, निर्मल कुमार यादव।

इस बार के चुनाव में १,०५६ मतदाता अपनी वोटिंग करेंगे, जो राज्यभर के पुलिस इकाइयों और जिलों से जुड़े हुए हैं। २८ फरवरी को मतदान के साथ ही मतों की गिनती भी होगी, और परिणाम देर रात तक घोषित होने की संभावना है। नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह १ मार्च को आयोजित किया जाएगा।

## उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन का लेवल कितना होना चाहिए?

### 2–5 वर्ष के बच्चे में खून की मात्रा कितनी होनी चाहिए?

डॉक्टर और विशेषज्ञ हमेशा जरूरी मात्रा में स्वस्थ और पौष्टिक भोजन खाने की सलाह देते हैं. दरअसल, आहार से प्राप्त पोषण इम्यून सिस्टम और हमारे शरीर की सभी प्रणालियों के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. आहार से मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स और मिनरल्स जैसे कि आयरन, प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम आदि शरीर की सभी इंटरनल सिस्टम को सही और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. साथ ही, इन न्यूट्रिएंट्स और कई आंतरिक शारीरिक गतिविधियों के कारण हमारे शरीर में कुछ खास तरह के तत्व और तरल पदार्थ भी बनते हैं, जो शरीर को अलग-अलग तरह से पूरी तरह स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका निभाते हैं. हीमोग्लोबिन भी एक तरह का प्रोटीन है जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है. खून में हीमोग्लोबिन की कमी एनीमिया यानी खून की कमी का संकेत माना जाता है. वहीं, अगर खून में हीमोग्लोबिन जरूरत से ज्यादा कम होने लगे तो इससे न सिर्फ हमारी शारीरिक और मानसिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं बल्कि कई बार कम या ज्यादा गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं.

खून में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर होना महत्वपूर्ण है - दिल्ली की पोषण विशेषज्ञ डॉ दिव्या शर्मा बताती हैं कि हीमोग्लोबिन हमारी रेड ब्लड सेल्स यानी (आरबीसी) में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण प्रोटीन है, जो खून के माध्यम से हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है. शरीर मे जब हीमोग्लोबिन की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है, तो शरीर के सभी अंगों, उत्तकों और कोशिकाओं में आवश्यक ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती हैं. यह स्थिति कई रोगों तथा समस्याओं का कारण बन सकती हैं.

उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन कितना होना चाहिए - डॉ. दिव्या बताती हैं कि पुरुष, महिला और बच्चों में इसकी आदर्श मात्रा अलग-अलग होती है, उदाहरण के लिए सामान्य स्थिति में नवजात शिशु में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर 17.22 ग्राम/डीएल माना जाता है, जबकि बच्चों में यह 11.13 ग्राम/डीएल होता है. वहीं, एक वयस्क पुरुष के रक्त में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर 14 से 18 ग्राम/डीएल और एक वयस्क महिला में 12 से 16 ग्राम/डीएल माना जाता है. वयस्कों में इस संख्या में एक या दो अंकों की कमी आमतौर पर बहुत गंभीर नहीं मानी जाती है, लेकिन अगर रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर 8 ग्राम या उससे नीचे चला जाए तो इसे चिंताजनक स्थिति माना जाता है.



# अलमारी में ठूंसकर रखने से सिकुड़ गया है स्वेटर, तो अब बिना प्रेस के इन 4 तरीकों से ऐसे करें ठीक

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवाओं से खुद को बचाने के लिए स्वेटर और ऊनी कपड़े बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन अपने बड़े आकार के कारण, वे अलमारी में बहुत अधिक जगह घेरते हैं। और, जब कपड़ों को जबरदस्ती रखा जाता है तो कई बार मुड़ने के कारण उनमें सिलवटें पड़ जाती हैं। अब तो ऊन प्रेस करने का भी मन नहीं करता, डर लगता है कि स्वेटर खराब न हो जाए। वैसे, प्रेस नहीं किया जा सकता क्योंकि ऊनी कपड़े ज्यादा गर्मी बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए प्रेस करने का विकल्प खत्म हो जाता है। अब यदि आप कोई पुराना स्वेटर निकाल रहे हैं जो मुड़ा हुआ है और उसमें कई तहें दिखाई दे रही हैं, तो आपको उसे पहनने का बिल्कुल भी मन नहीं करेगा। तो, बिना प्रेस के सीम को ठीक करने की तरकीबें जानें।

### भाप से झुर्रियाँ हटाएँ

आप मुड़े हुए स्वेटर से सिलवटें हटाने के लिए स्टीमर या सामान्य गर्म पानी की भाप का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए पानी को उबालकर एक बड़े बर्तन में डाल दें। अब स्वेटर को इस भाप के ऊपर रखें। ध्यान रखें कि कपड़ा पानी के सीधे संपर्क में न आए, इस दौरान उसे हाथों से हल्का-हल्का खींचते रहें, जिससे कुछ ही देर में सिलवटें गायब हो जाएंगी।

### गर्म तौलिये का उपयोग

अब अगर आपके पास स्टीमर नहीं है तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। यहां आप तौलिया का भी उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए तौलिए को हल्के गर्म पानी में भिगोकर निचोड़ लें। अब इसे स्वेटर के ऊपर रखें और हल्के से प्रेस करें, यह तरीका ऊनी कपड़ों को प्रेस करने जैसा ही प्रभाव देता है। इससे कपड़े को बिना किसी नुकसान के सीधा करना आसान हो जाता है।

### हेयर ड्रायर का प्रयोग करें.

हेयर ड्रायर का उपयोग करके स्वेटर से सिलवटें हटाने के लिए ऊन को समतल सतह पर फैला दें। अब ड्रायर को मध्यम तापमान पर सेट करें और 6-8 इंच की दूरी से गर्म हवा छोड़ें। कपड़े को हल्के हाथों से खींचते रहें ताकि सिलवटें दूर हो जाएं। यदि स्वेटर टेढ़ा-मेढ़ा हो तो उसे सही आकार में लाने के लिए मजबूत हैंगर पर लटका दें। कुछ घंटों तक लटके रहने के बाद यह अपने आप सीधा हो जाएगा।

### बाथरूम संबंधी तरकीबें भी काम आएंगी।

अगर आप जल्दी में हैं और बिना किसी प्रयास के दाग को ठीक करना चाहते हैं, तो स्वेटर को बाथरूम में लटका दें। अब जब आप गर्म पानी से नहाएंगे तो उससे निकलने वाली भाप स्वेटर के रेशों को आराम देगी और झुर्रियां अपने आप दूर हो जाएंगी। इन टिप्स के अलावा ध्यान रखें कि झुर्रियों से बचने के लिए गर्म कपड़ों को सही तरीके से स्टोर करें। ताकि वह अपने आकार में बना रहे और कपड़ा बिल्कुल भी सिकुड़े नहीं।

## अभी बदल लें वॉशिंग मशीन की ये 1 सेटिंग, कपड़ों से धूल-मिट्टी हो जाएगी छूमंतर

**सर्दियां में घर की चादरें और कंबल हर दिन बदलना मुश्किल होता है, क्योंकि इन दिनों धूप भी ज्यादा नहीं निकलती। इसके कारण भारी चादरों को सूखने में कठिनाई हो सकती है। लेकिन गंदे और इस्तेमाल किए गए चादरें और तकिए के कवर जिन्हें लंबे समय तक नहीं बदला जाता, बीमारियों का कारण बन सकते हैं। बैक्टीरिया और धूल के साथ-साथ इसमें छोटे-छोटे हानिकारक कण भी जमा हो जाते हैं। इससे श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। आइए जानें कि गंदे कपड़े पहनने से क्या नुकसान हो सकते हैं और वॉशिंग मशीन की एक सेटिंग बदलने से आपके कपड़ों से धूल और गंदगी कैसे दूर हो जाएगी।**

### गंदे चादरों और कपड़ों के संपर्क में आने से होने वाले हानिकारक प्रभाव



1. यदि आप अपने घर में बिस्तर की चादरें एक सप्ताह के भीतर नहीं बदलते हैं, तो उनसे निकलने वाले कीटाणु गोनोरिया और निमोनिया जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

2. यदि कोई व्यक्ति एक ही चादर पर 1 महीने तक सोता है, वह भी बिना धोए, तो उसे गोनोरिया, निमोनिया से लेकर गले में संक्रमण जैसे गंभीर संक्रमण होने की संभावना होती है।

3. यदि आप लंबे समय तक अपनी चादरें साफ नहीं करते हैं, तो इससे आपकी नींद, प्रतिरक्षा प्रणाली और कई अन्य बीमारियां प्रभावित हो सकती हैं।

आपके कपड़े वॉशिंग मशीन में ही कीटाणुरहित हो जाएंगे।

इसके लिए आपको अपनी वॉशिंग मशीन की सेटिंग बदलनी होगी। एक अध्ययन के अनुसार, 140 डिग्री फारेनहाइट (60 डिग्री सेल्सियस) या इससे अधिक तापमान पर कपड़े धोने से कपड़ों में मौजूद सभी धूल और हानिकारक कण नष्ट हो जाते हैं।

इसके अलावा, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आपको हर 4 दिन में कम से कम एक बार अपनी चादरें बदलनी चाहिए। मौसम बदलने से कपड़े सूखने की समस्या हो सकती है, लेकिन मौसम बदलने से बीमारियां भी आती हैं।

### कुछ अन्य सुझाव

कपड़े धोते समय कभी भी पाउडर को सीधे वॉशिंग मशीन में न डालें। सबसे पहले आपको मशीन में पानी और कपड़े या चादरें मिलानी होंगी, फिर डिटर्जेंट पाउडर डालकर कपड़े धोने होंगे।

## पतली आइब्रो ने फीकी कर दी चेहरे की खूबसूरती, घनी बनाने के लिए अपनाएं ये 5 उपाय



चेहरे की खूबसूरती को बनाने और बिगाड़ने में सभी अंगों की बराबर की भूमिका होती है। लेकिन आंखों को दिल का आईना माना जाता है। खूबसूरत बड़ी-बड़ी आंखें चेहरे की खूबसूरती पर चार चांद लगा देती हैं। लेकिन अगर इन्हीं खूबसूरत आंखों के ऊपर बनी आईब्रो पतली और हल्की हो जाएं, तो भी चेहरे की खूबसूरती फीकी रह जाती है। अपनी पतली आईब्रो को छिपाने के लिए लोग अकसर आइब्रो पेंसिल तो कभी पार्लर में किए जाने वाले महंगे आइब्रो फिलर का यूज करते हैं। अगर आप भी अपनी पतली आईब्रो की समस्या से परेशान रहती हैं तो ये घरेलू उपाय आपकी आईब्रो को काला और घना बनाने में मदद कर सकते हैं।

### पतली आईब्रो को घना बनाने के लिए घरेलू टिप्स

### नारियल तेल

आइब्रो को घना और काला बनाने के लिए आप नारियल तेल का ये उपाय आजमा सकते हैं। इस उपाय को करने के लिए रोज रात को सोने से पहले नारियल तेल को हल्का गर्म करके अपनी आइब्रो पर लगाएं। आप चाहे तो नारियल तेल के साथ जैतून और बादाम के तेल मिलाकर भी लगा सकते हैं।

### दूध की मसाज

आइब्रो को घना करने के लिए कच्चे दूध से आइब्रो की मसाज करें। इस उपाय को करने के लिए एक कटोरी में कच्चा दूध लेकर उसमें कॉटन पैड डूबोकर कर अपनी आइब्रो पर हल्के हाथों से रगड़ें।

### कैस्टर ऑयल

घनी आइब्रो के लिए कैस्टर ऑयल यानी अरंडी के तेल का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। कैस्टर ऑयल में मौजूद प्रोटीन, फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन आइब्रो हेयर के पोर्स को पोषण देकर उनकी ग्रोथ बढ़ाने के साथ काला और मजबूत भी बनाता है।

### भौहों पर लगाएं लेप

गुड़हल, मुलेठी या भृंगराज का लेप भी भौहों पर लगाने से वो घनी बन सकती हैं। इस लेप को लगाने के 15 से 20 मिनट बाद आप चेहरा साफ पानी से धो लें।

### ग्रीन टी

आइब्रो की अच्छी ग्रोथ के लिए ग्रीन टी का उपाय भी असरदार माना जाता है। इस उपाय को करने के लिए सबसे पहले सादी ग्रीन टी बनाकर इसे ठंडा कर लें। इसके बाद इसमें कॉटन पैड को डुबोकर आइब्रो और आईलैशेस पर लगाएं। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व आइब्रो की ग्रोथ को बेहतर करते हैं। आंखों को एक घंटे बाद पानी से धो लें।

## खाना बनाने वाले कुकर से कभी नहीं होगा हादसा, आप भी जरूर ट्राई करें ये खास टिप्स

खाना पकाने के लिए हम कुकर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुकर से भी बड़ा हादसा हो सकता है? दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुकर का सही तरीके से उपयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है।

खाना बनाते समय हम अनिवार्य रूप से कुकर का उपयोग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुकर के कारण ही कोई बड़ा हादसा हो सकता है? ऐसे में कुकर से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमारे पास कुछ ऐसे टिप्स हैं जिन्हें अपनाकर हम इस दुर्घटना को हमेशा के लिए खत्म कर सकते हैं। आज की खबर में हम आपको ऐसे टिप्स बताएंगे जो बेहद कारगर साबित होने वाले हैं।

प्रेशर कुकर विस्फोट के कारण होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए, हम कुछ सुझावों का पालन करके इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। प्रेशर कुकर को गैस पर चालू करने से पहले प्रेशर कुकर की सीटी और सेफ्टी वाल्व को अच्छी तरह से जांच लें, क्योंकि इस कारण से भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यदि सीटी में गंदगी हो या सुरक्षा दीवार ढीली हो तो दुर्घटना हो सकती है।

अक्सर हम खाना जल्दी और सही तरीके से पकाने के लिए कुकर में आवश्यकता से अधिक पानी डाल देते हैं। इस कारण से भी कुकर के ओवरलोड होकर फटने का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में प्रेशर कुकर में आवश्यकता से अधिक पानी न भरें, अन्यथा दुर्घटना हो सकती है।

बहुत अधिक आंच पर खाना पकाने के कारण गैस पर अधिक लोड होने पर भी प्रेशर कुकर के फटने का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में हमें खाना प्रेशर कुकर में मध्यम आंच पर ही पकाना चाहिए। प्रेशर कुकर की रबर हमेशा चेक करते रहना चाहिए, क्योंकि कई बार रबर कट जाती है, फिर भी हम लापरवाही से इसका इस्तेमाल करते हैं, जिससे प्रेशर फटने से हम घायल हो सकते हैं या कई बार हमारी जान भी जा सकती है। ऐसी स्थिति में यदि प्रेशर कुकर की रबर खराब हो जाए तो उसे तुरंत बदल देना चाहिए।

जब खाना पक जाए तो हमें कुकर को धीरे से खोलना चाहिए, क्योंकि अगर हम जल्दबाजी में कुकर खोलेंगे तो हवा और गैस एक साथ निकलने का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में एक साथ गैस छोड़ने से कुकर फट सकता है और हमें शारीरिक नुकसान हो सकता है। इसलिए हमें कुकर को आराम से ही खोलना चाहिए।

इन खास टिप्स को अपनाकर हम आसानी से दुर्घटनाओं से बच सकते हैं और हमारी रसोई हमेशा सुरक्षित रहेगी। इसके साथ ही प्रेशर के कारण कुकर के फटने का खतरा नगण्य हो





# इम्यूनिटी बूस्ट करते हैं नेचुरल ड्रिंक्स, सुबह खाली पेट सेवन करने के हैं जबरदस्त फायदे

शरीर की मौसमी फ्लू, बीमारियों और इंफेक्शन से रक्षा करने के लिए इम्यूनिटी का स्ट्रॉन्ग होना बेहद जरूरी है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए कुछ नेचुरल जूस का सेवन किया जा सकता है।

क्या आप भी मौसम के चेंज होते ही बीमार पड़ जाते हैं तो हो सकता है कि ये कमजोर इम्यूनिटी का संकेत हो। जी हां, जब आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक होती है तो शरीर बीमारियों और इंफेक्शन से लड़ नहीं पाता है और आपके बीमार होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर भी आपको इम्यूनिटी मजबूत बनाए रखने की सलाह देते हैं। खराब खानपान, बढ़ती उम्र, स्मोकिंग या शराब पीना, स्ट्रेस, प्रदूषण, कुछ बीमारियां, कमजोर इम्यूनिटी की वजहें बनती हैं। इम्यूनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए बैलेंस्ड डाइट, एक्सरसाइज और पर्याप्त नींद के साथ जरूरी है कि आप एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर चीजें खाएं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे नेचुरल ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएंगे। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इम्यूनिटी के दो मुख्य भाग होते हैं। पहला इनेट इम्यून सिस्टम, जिसके साथ आप पैदा होते हैं। दूसरा, अडेप्टिव इम्यून सिस्टम, इसे आप तब डेवलप करते हैं, जब आपकी बॉडी माइक्रोब्स या माइक्रोब्स द्वारा रिलीज किए गए कैमिकल्स के संपर्क में आती है।

## आंवला जूस

रिपोर्ट का मानना है कि इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिएविटामिन-सीकासेवन करना चाहिए। ऐसे में आप आंवला जूस का सेवन कर सकते हैं। रोज सुबह खाली पेट आंवला का जूस पीने से इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिलती है। साथ ही यह बीपी, ब्लड शुगर लेवल और वजन घटाने में भी मददगार साबित होगा।

## चुकंदर का जूस

इसके अलावा आप अपनी डाइट में चुकंदर के जूस को भी शामिल कर सकते हैं, जो शरीर को अनगिनत फायदे पहुंचाता है। इसे पीने से इम्यून सिस्टम भी मजबूत बनता है। साथ ही आप इससे कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज को भी कंट्रोल कर सकते हैं। चुकंदर के जूस के सेवन से स्किन को भी ग्लोइंग बनाने में मदद मिलती है।

## हल्दी दूध

हल्दी दूध,जिसे गोल्डन मिल्क भी कहा जाता है,आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है। इसमें करक्यूमिन नामक तत्व होता है,जो शरीर की एंटीबॉडी प्रतिक्रियाओं को बढ़ाता है।





# दिमाग को खोखला कर देंगी आपकी ये आदतें

**बेहतर जीवन के लिए दिमाग के स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है, खराब दिमाग आपको कमजोर और बीमार कर सकता है, नीचे बताई गलतियों को सुधारकर आप स्मार्ट और इंटेलीजेंट बन सकते हैं।**

दिमाग से जुड़ी समस्याएं आम होती जा रही हैं। याददाश्त और दिमाग का कमजोर होना, चिंता, तनाव, अवसाद, बाइपोलर डिसऑर्डर सहित कई गंभीर दिमाग से जुड़ी समस्याओं से लोग परेशान रहते हैं। चिंता की बात यह है कि लोग जिस तरह अपनी त्वचा या हृदय को स्वस्थ रखने के लिए कुछ चीजें करते हैं, उसी तरह दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए कुछ नहीं करते हैं। दिमाग से जुड़ी कोई भी समस्या आपके शरीर को प्रभावित कर सकती है। इससे आपको अवसाद सिरदर्द, थकान, खराब पाचन, अनिद्रा, बेचैनी और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वास्तव में आपकी कुछ आदतें ही मेंटल हेल्थ को खराब करती हैं। चलिए जानते हैं क्या हैं वो आदतें और इनसे बचने के लिए आपको क्या करना चाहिए।

## एक्सरसाइज नहीं करना

फिजिकल एक्टिविटी नही करने से दिमागी क्षमता कमजोर हो सकती है और आपकी उम्र ज्यादा दिखाई दे सकती है। व्यायाम करने से इस गिरावट को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोधकर्ता मानते हैं कि अगर आप अपने 60 के दशक में भी फिजिकल एक्टिविटी शुरू करते हैं, तो आपको इसका लाभ मिल सकता है।

## मीठा और फैट वाली चीजें खाना

जो चीजें आपके दिल को नुकसान



पहुंचाती हैं, वही चीजें आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के तौर पर ज्यादा मीठा और फैट वाला खाना दिमाग के लिए अच्छा नहीं होता। इससे दिमाग का आकार छोटा हो सकता है और याददाश्त कमजोर हो सकती है। मीठे के बजाय खाने सब्जियां, साबुत अनाज, मछली और जैतून के तेल आदि शामिल करें।

## आप पूरे दिन बैठे रहते हैं

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन के अनुसार, ज्यादा देर तक बैठे रहना याददाश्त को कमजोर कर सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि हर घंटे में पांच मिनट उठकर थोड़ा टहल लेने से आपको फायदा हो सकता है।

## आप बहुत सारा समय अकेले बिताते हैं

अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता को कम करता है जबकि व्यस्त रहने से आपको जीवन में उद्देश्य और अर्थ खोजने में भी मदद मिलती है। दूसरों के साथ बातचीत करें, विचारों का आदान-प्रदान करें।

## ब्लड प्रेशर की जांच नहीं करना

लो और हाई ब्लड प्रेशर से दिमाग का कामकाज प्रभावित हो सकता है। इससे रक्त वाहिकाएं सख्त और सिकुड़ सकती हैं। यह ब्रेन में सेल्स और न्यूरोट्रांसमीटर में भी बदलाव का कारण बन सकता है। अपने बीपी को 120/80 से कम रखने का प्रयास करें।

## आप बहुत तनाव लेते हैं

तनाव लेने से दिमाग का कामकाज प्रभावित होता है और डिमेंशिया का भी जोखिम हो सकता है। क्रोनिक स्ट्रेस से दिमाग का आकार छोटा हो सकता है। कभी-कभी तनाव कम करना संभव नहीं है, लेकिन जहां तक संभव हो, आराम करने का प्रयास करें। शरीर पर तनाव के प्रभाव को कम करने के लिए माइंडफुलनेस और योग पर विचार करें।

# खराब लाइफस्टाइल से बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

खराब लाइफस्टाइल कई बीमारियों का कारण बनता है, इनमें से एक है कैंसर, आपने सही सुना...अगर आप बाहर का तला हुआ खाना खाते हैं तो आपको कैंसर का खतरा हो सकता है।

आजकल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सेलिब्रिटी से लेकर आम आदमी तक, हर किसी को कैंसर ने अपनी चपेट में लिया है। कैंसर का खतरा हमारी खराब लाइफस्टाइल की वजह से बढ़ जाता है। लाइफस्टाइल का मतलब आजकल लोग बाहर का खाना खूब खाते हैं जो कि कैंसर का कारण बन सकता है। अब आप सोच रहे होंगे कि खाना और कैंसर का संबंध कैसे हो सकता है तो हम आपको इस आर्टिकल में इसकी जानकारी विस्तार से दे रहे हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि हम जो बाहर में स्ट्रीट फूड खाते हैं उससे कैंसर का जोखिम हो सकता है। दरअसल बाहर में बनने वाले फाइड आटम के लिए रिपीटेड ऑयल हीटिंग होता है। जब बार बार तेल को हीट किया जाता है तो उसमें कुछ खतरनाक केमिकल बनने लगते हैं,जो शरीर के लिए हानीकारक होते हैं। इनमें से दो मुख्य होते हैं ट्रांस फैट और एक्रिलामाइड

जब हम तेल को बार-बार गर्म करते हैं तो उसमें ऑक्सीडेशन होता है जिससे ट्रांस फैट और एक्रिलामाइ बनता है। ट्रांस फैट जहां हार्ट हेल्थ को खराब करता है वहीं एक्रिलामाइड को कैंसर से जोड़ा



गया है। एक्रिलामाइड एक केमिकल है जो उच्च तापमान पर तेल को गर्म करने से पैदा होता है। एक्रिलामाइड डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है। यह कोलेरेक्टल कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है। बेहतर है कि इससे बचने के लिए आप बाहर का खाना खाने से बचें, और घर में भी अगर एक ही तेल को बार बार गर्म करते हैं तो ऐसा करने से भी बचें।



# ठंडे-ठंडे पानी से नहाने के हैं फायदे

सुबह सोकर उठने पर अकसर गर्म पानी से नहाने का मन करता है। हालांकि इसके कई फायदे भी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ठंडे पानी से नहाने के भी अपने फायदे हैं। भले ही आप किसी भी प्रकार के पानी से नहाने के बारे में कैसा भी महसूस करते हों, लेकिन शोध से पता चलता है कि गर्म और ठंडे दोनों प्रकार के पानी से नहाने के अलग स्वास्थ्य लाभ हैं। ठंडे पानी से नहाने वालों की त्वचा पर होने वाली खुजली बंद हो जाती है। वहीं ये आपको सुबह की नींद खोलने में भी मदद करता है। इससे आपको कसरत के बाद मांसपेशियों में दर्द को कम करने में फायदा मिलता है। ये संभावित रूप से वजन घटाने में मदद करता है। ठंडे पानी से नहाने से बाल और त्वचा पर चमक आती है। जैसे ही ठंडा पानी आपके शरीर को छूता है ये शरीर को और एक्टिव बनाता है। ठंडे पानी ने नहाने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ सकती है और आप बीमारी के प्रति अधिक प्रतिरोधी बन सकते हैं। हालांकि ठंडे पानी ने नहाने के नुकसान भी हैं।

यदि आपको पहले से ही ठंड लग रही है तो कोल्ड शावर आपके लिए सही नहीं है। क्योंकि ठंडे तापमान में ठंडा पानी आपको किसी भी तरह से गर्म करने में मदद नहीं करेगा। यह वास्तव में आपको और भी ठंडा बना सकता है और आपके शरीर को वापस गर्म होने में लगने वाले समय को बढ़ा सकता है। यदि आप बीमार हैं, तो भी ठंडे पानी से न नहाएं। वहीं ठंडे पानी से नहाने से तनाव के स्तर में कमी आती है। नियमित रूप से ठंडे पानी से नहाना आपके शरीर पर थोड़ी मात्रा में तनाव डालता है, जिससे आपका शरीर सख्त हो जाता है और आपके शरीर पर तनाव का कम असर होता है। वहीं आपकी सतर्कता भी तेजी से बढ़ती है। ठंडे पानी में नहाने से दिमाग जल्दी सतर्क होना शुरू हो जाता है।



# सेहत के लिए बहुत लाभदायक है करेला

**करेले का नाम आते ही लोगों को कड़वा स्वाद याद आ जाता है लेकिन करेला हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक है। करेले को हम कई तरह से दवा के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।**

करेले में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनसे कई बीमारियों की आशंकाओं को कम किया जा सकता है। बता दें कि ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में करेला बहुत मदद करता है। करेले में मोमर्सिडीन और चैराटिन जैसे एंटी-हाइपर ग्लेसैमिक तत्व पाए जाते हैं। आपको बताते हैं कि कैसे करेला ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है।

## ऐसे करता है काम

करेले में पाए जाने वाले मोमर्सिडीन और चैराटिन नामक तत्व ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके अलावा करेले में एन्टी-ऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं जो डायबीटीज से लड़ने में सहायता करते हैं। करेले के बीज में पॉलीपेपटाइड-पी नाम का प्लांट इंसुलिन होता है। यह इंसुलिन ठीक उसी तरह काम करता है जैसे अग्नाशय से निकलने वाला इंसुलिन ब्लड शुगर लेवल को कम करता है। करेले का जूस खाली पेट पीना चाहिए। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में बहुत असरकारक है। करेले का कड़वापन कम करने के लिए करेले को टुकड़ों में काटकर हल्दी और नमक के पानी में पंद्रह मिनट तक भिगोएं इसके बाद इन टुकड़ों में नींबू रस डालकर पीस लें। फिर इसको छानकर सुबह खाली पेट पीएं। आप चाहें तो स्वाद बदलने के लिए आंवले का रस करेले के रस में मिला सकते हैं।

## इनमें फायदा करता है करेला

1- कैंसर 2- पथरी
3- त्वचा रोग 4- उल्दी, दस्त
5- गैस की समस्या 6- पीलिया
7- गठिया 8- मुंह के छाले



# शरीर के लिए काले अंगूर से ज्यादा फायदेमंद होता है लाल अंगूर

ताजा ताजा मीठे रसीले फल तो हर किसी को खाना पसंद होता है अगर आपको अंगूर खाना पसंद है तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि किस तरह का अंगूर आपके लिए फायदेमंद रहेगा छोटे-छोटे लाल रंग के अंगूर देखने में काफी अच्छे लगते हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं लेकिन अंगूर में असरदार गुण छुपे होते हैं जो हमारे शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं।

अंगूर तीन रंगों में पाए जाते हैं जैसे कि हर कल और लाल लेकिन सोचने वाली बात यह है कि इन तीनों में से हमारे शरीर को कौन से अंगूर पोषण देते हैं अंगूर खाने से हमारे शरीर में आयरन की कमी दूर होती है हृदय रोगों से छुटकारा मिलता है लाल कलर के अंगूर में एंटीऑक्सीडेंट फी रेडिकल्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से बचाता है।

## दिल और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

लाल अंगूर हमारे लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को काम करते हैं लाल अंगूर में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट हमारी धमनियों को साफ करते हैं। जिससे खून का प्रवाह बेहतर तरीके से होता है।लाल अंगूर से हमारे अंदर दिल की समस्या नहीं होती है और हम अन्य प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से बचे रहते हैं।

## पुरुष के लिए है फायदेमंद

लाल अंगूर पुरुषों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसमें बोर्न नमक खनिज होता है। जो पुरुष के हार्मोन को उत्पादित करता है। अगर आप लाल अंगूर का नियमित रूप से सेवन करते हैं, तो इससे सेक्स हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। जिससे कि पुरुष की सेक्स पावर बढ़ जाती है। इसके अलावा भी कई तरह के फायदे मिलते हैं इसलिए आपको अपनी डाइट में लाल कलर के अंगूर को शामिल करना चाहिए।

## आखों के लिए फायदेमंद

लाल लंगूर हमारी आंखों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इसमें बेटी और जैक्सथीं नमक केराटिन तेल पाया जाता है जो हमारी आंखों को रोशनी देता है। जिससे हमारी देखने की क्षमता बढ़ जाती है या हमें तनाव मुक्ति भी करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी कोर्ट से ट्रंप को सुप्रीम राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को अन्य देशों के लिए अरबों डॉलर की अमेरिकी सहायता जारी करने के संबंध में मध्य रात्रि तक की समय सीमा दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कहा कि यू.एस. डिस्ट्रिक्ट जज आमिर एच. अली द्वारा जारी आदेश पर तब तक रोक रहेगी जब तक कि उच्च न्यायालय इस पर पूरी तरह से विचार नहीं कर लेता। अली ने संघीय सरकार को विदेशी सहायता पर अस्थायी रोक लगाने के उनके फैसले का अनुपालन करने का आदेश दिया था। यह फैसला गैर-लाभकारी समूहों और व्यवसायों द्वारा दायर मुकदमे में सुनाया गया था। एक अपीली पैनल ने हस्तक्षेप करने के प्रशासन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

### ताइवान ने की चीन की निंदा

**ताइपे, एजेंसी।** इस बीच ताइवान ने उसके दक्षिण-पश्चिम तट पर सैन्य अभ्यास के लिए बृहस्पतिवार को चीन की निंदा की। चीन ने स्व-शासित द्वीप के दक्षिण-पश्चिमी तट पर गोलीबारी अभ्यास करने के लिए एक क्षेत्र निर्धारित किया है। चीन इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जिसे जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक लिया जा सकता है और हाल के वर्षों में उसने ताइवान के जल एवं हवाई क्षेत्र के आसपास सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, चीन क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सबसे बड़ा संकट है तथा ताइवान जलडमरूमध्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए वह एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा है।

### पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार: वेटिकन

**रोम, एजेंसी।** वेटिकन ने बुधवार को बताया कि डबल निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस की सेहत में हल्का सुधार हुआ है, लेकिन डॉक्टरों का मानना है कि उनकी स्थिति अब भी पूरी तरह स्थिर नहीं है। सीटी स्कैन में संक्रमण के उपचार की सामान्य प्रगति दिखी जबकि रक्त परीक्षणों से भी सुधार की पुष्टि हुई है। सीटी स्कैन मंगलवार को किया गया था। पोप की गुर्दे की समस्या अब कम हो गई है और उनकी सांस संबंधी फिजियोथेरेपी की जा रही है। यह पहली बार है जब वेटिकन ने पुष्टि की है कि पोप को फेफड़ों से द्रव निकालने में मदद के लिए फिजियोथेरेपी दी जा रही है। उन्होंने दोपहर में अपना काम फिर से शुरू किया।

### सेना को एआई-क्लाउड बेचने पर माइक्रोसॉफ्ट में प्रदर्शन

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइली सेना को एआई व क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं देने के लिए हुए अनुबंधों के विरोध में माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारियों ने कंपनी के सीईओ सत्य नडेला की एक बैठक के दौरान प्रदर्शन किया। पिछले सप्ताह खुलासा हुआ था कि हाल में गाजा और लेबनान युद्ध के दौरान बमों से निशाना बनाने के लिए इस्राइल के सैन्य कार्यक्रम के तहत माइक्रोसॉफ्ट के महत्वपूर्ण एआई मॉडलों और ओपनएआई का इस्तेमाल किया गया था। इसके विरोध में कर्मचारियों ने उस वक्त प्रदर्शन किया जब सीईओ नडेला एक बैठक में नए उत्पादों पर बात कर रहे थे।

### पश्चिमी जर्मनी में कोर्ट के निकट गोलीबारी, 4 लोग घायल

**बर्लिन , एजेंसी।** पश्चिम जर्मनी में बुधवार को एक न्यायालय के पास फायरिंग किए जाने से कम से कम 4 लोग घायल हो गए. पुलिस के मुताबिक दोपहर में बीलेफेल्ड शहर में एक कोर्ट के पास सड़क पर कई राउंड गोलियां चलाई गईं. बताया जाता है कि जिस समय कोर्ट के बाहर फायरिंग की गई उस दौरान पूर्व मुक्केबाज बेसर निमानी की हत्या के मामले में सुनवाई चल रही थी. निमानी की बीलेफेल्ड में एक साल पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. हालांकि पुलिस के द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. गौरतलब है कि मुक्केबाज बेसर निमानी को गोली मारने के आरोपी हुसैन अक्कुर्ट का मुकदमा बुधवार सुबह ही शुरू हुआ.

# ट्रंप कैबिनेट की पहली मीटिंग में बोले एलॉन मस्क, मुझे जान से मारने की धमकियां मिल रहीं...

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट की बुधवार को पहली मीटिंग हुई. इस बैठक में डीओजीई प्रमुख अरबपति कारोबारी एलॉन मस्क ने भी शिरकत की. इस बीच उन्होंने कैबिनेट को बताया कि उन्हें जान से मारने की ढेरों धमकियां मिल रही हैं.




व्हाइट हाउस में जैसे ही कैबिनेट की बैठक शुरू हुई. ट्रंप ने मस्क से डीओजीई के कामकाज को लेकर सवाल किया. इस पर मस्क ने कहा कि वह विभाग में बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं. हमें बहुत सारा सरकारी पैसा बचाना है. डीओजीई की टीम इसी काम में लगी हुई है. हमारा उद्देश्य बेतहाशा सरकारी खर्चों पर लगाम लगाना ही है. अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो अमेरिका दिवालिया हो जाएगा. मस्क ने कहा कि राष्ट्रहित के इस का के लिए मुझे जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं. इस समय हमारा देश 2 ट्रिलियन डॉलर के घाटे में है. लेकिन मेरा मानना है कि हम गलतियां करते हैं. डीओजीई भी गलतियां करेगा क्योंकि हम परफेक्ट नहीं है. लेकिन जब हम गलती करते हैं, तो उस गलती को कितनी जल्दी दुरुस्त करते हैं. ये बड़ा सवाल है. इस दौरान एलन मस्क ने मजाकिया लहजे में खुद को सरकारी टेक सपोर्ट कहा। उन्होंने बताया कि कई सरकारी सिस्टम बहुत पुराने हैं, जिनमें सुधार किया जा रहा है। हमारा मुख्य लक्ष्य अमेरिका के बढ़ते घाटे को कम करना है। अगर हमने अभी कदम नहीं उठाए तो देश दिवालिया हो सकता है। एलन मस्क ने कहा कि देश 2 लाख करोड़ डॉलर के घाटे को और सहन नहीं कर सकता। एलन मस्क ने स्वीकार किया कि सरकारी दक्षता विभाग गलतियां करेगा, लेकिन उन्हें जल्दी सुधार लिया जाएगा। इस दौरान उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गलती से इबोला रोकथाम कार्यक्रम बंद कर दिया गया था, लेकिन तुरंत इसे बहाल कर दिया गया। मस्क ने आगे कहा कि, हमारी कोशिश है कि 2026 तक सरकार का घाटा एक ट्रिलियन डॉलर कम किया जाए। इसके लिए हर दिन 4 अरब डॉलर बचाने होंगे। लेकिन हम इसे कर सकते हैं और करेंगे।

सरकारी दक्षता विभाग की नीतियों के कारण कई सरकारी कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकारी दक्षता विभाग के 30प्रतिशत टेक्नोलॉजी स्टाफ ने यह कहकर नौकरी छोड़ी कि वे देश को खतरे में डालने वाले फैसलों का समर्थन नहीं कर सकते। एक आंकड़े के मुताबिक, अब तक करीब एक लाख सरकारी कर्मचारी या तो निकाल दिए गए हैं या स्वेच्छा से इस्तीफा दे चुके हैं। सरकारी कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन अमेरिकन फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट एम्प्लॉइज ने मस्क की नीतियों को अवैध और खतरनाक बताया है और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस कैबिनेट बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने एलन मस्क को अपना समर्थन दिया। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, अगर कोई मस्क से नाखुश है, तो हम उसे यहां से बाहर फेंक देंगे! डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की तारीफ करते हुए कहा, वह बहुत मेहनत कर रहे हैं।

## घर में मृत मिले ऑस्कर विजेता प्रतिष्ठित एक्टर, उसकी पत्नी और पालतू कुत्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और दो बार के ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी अराकावा अपने घर में मृत पाए गए। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, उनके साथ उनका पालतू कुत्ता भी मृत मिला है। सांता फ़े काउंटी शेरिफ़ कार्यालय ने एक बयान में कहा, हम इस मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल हमें ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि यह हत्या या किसी अन्य साजिश का नतीजा है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम किया जाएगा। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई है या किसी अन्य वजह से। 95 वर्षीय जीन हैकमैन हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने 80 से अधिक फिल्मों में काम किया और कई बेहतरीन किरदार निभाए। जीन हैकमैन का जन्म 30 जनवरी 1930 को हुआ था। वे बचपन से ही अभिनय में रुचि रखते थे और उन्होंने अपनी किशोरावस्था में अमेरिकी मरीन कॉर्प्स में भी सेवा की थी। उन्होंने दो शादियाँ की थीं। पहली पत्नी फे मॉलिस से उनकी शादी 1956 में हुई थी, लेकिन 1986 में उनका तलाक हो गया। 1991 में उन्होंने बेट्सी अराकावा से शादी की, जो एक क्लासिकल पियानिस्ट थीं। हैकमैन के तीन बच्चे भी हैं। हैकमैन ने 2004 में फिल्मों से संन्यास ले लिया था और उसके बाद वे न्यू मैक्सिको के सांता फ़े में अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे। वे




# इजरायली राजदूत भी हुए मोदी के दीवाने, बोले- आपके नेतृत्व में भारत वैश्विक शक्ति बना

**येरूसलम एजेंसी।**
इजरायल भारत की उपलब्धियों को बड़े सम्मान के साथ देखता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करता है। इजरायल के भारत में राजदूत रीयूवेन अजार भी उनकी नीतियों के दीवाने हैं।उन का कहना है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर एक उभरती हुई शक्ति बन चुका है। राजदूत अजार ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा, हम भारत की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी दोस्ती बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 7 अक्टूबर (हमास के हमले) के बाद सबसे पहले हमें कॉल किया था और हर परिस्थिति में हमारे साथ खड़े रहे। भारत और इजरायल के विचार काफी हद तक मिलते-जुलते हैं। यही कारण है कि आने वाले वर्षों में हम कई और बड़े कार्य एक साथ करेंगे।



उन्होंने यह भी कहा कि भारत इजरायल के लिए सिर्फ एक व्यापारिक भागीदार ही नहीं, बल्कि उसकी आपूर्ति शृंखला का एक अहम हिस्सा भी बन रहा है। राजदूत अजार के अनुसार, भारत-इजरायल साझेदारी को प्रधानमंत्री मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पूरा समर्थन प्राप्त है। दोनों नेता उद्यमिता, स्वतंत्रता, मुक्त बाजार और सुधारों में विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि दोनों देशों की नजदीकियां बढ़ी हैं। उन्होंने रक्षा, सिंचाई, जल प्रबंधन और अब हाई-टेक और नवाचार में सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। राजदूत ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में इजरायल के 100 से अधिक शीर्ष सीईओ और इजरायल के आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बार्कत के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भारत आया।

इन अधिकारियों ने भारतीय कंपनियों के साथ कई व्यावसायिक समझौते किए। भारत और इजरायल मिलकर इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम कर रहे हैं, जिससे इजरायल का हाइफा बंदरगाह एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनेगा। राजदूत ने कहा, भारत की कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिशें सराहनीय हैं। हम इस पहल का हिस्सा बनना चाहते हैं। इजरायल और अरब देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर के लिए एक मजबूत नींव तैयार कर रहा है। राजदूत अजार ने बताया कि इजरायल रक्षा क्षेत्र में भारत की मेक इन इंडिया नीति को अपनाने वाला पहला देश है।

उन्होंने कहा कि हम भारत में मिलकर ड्रोन, ऑटोनॉमस हेलीकॉप्टर, उभयचर मशीनें और गोला-बारूद बना रहे हैं। भारतीय सेना के लिए हमने मेंटेनेंस सुविधाएं भी विकसित की हैं। यह सहयोग वर्षों की मेहनत और विश्वास का नतीजा है। कृषि क्षेत्र में भी इजरायल की तकनीक ने भारत के किसानों की मदद की है। उन्होंने कहा, इजरायली तकनीक से भारत के किसानों की पैदावार बढ़ी है। इससे भारत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सका और एक खाद्य निर्यातक देश बना।

## रहस्यमयी बीमारी से 50 से अधिक लोगों की मौत, सामने आया लगातार रोने का अजीब लक्षण

**इक्वेटर एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी कांगो के इक्वेटर प्रांत में पिछले पांच हफ्तों में 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जिससे हड़कंप मच गया है। इन मौतों के पीछे एक अजीब लक्षण सामने आया है और वह लगातार रोना था, जिन लोगों की मौत हुई। वे बहुत तेजी से बीमार हुए थे और कुछ घंटों में उनकी मौत हो गई। अब अधिकारी इन मौतों के कारणों की जांच कर रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या यह घटनाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। इन मामलों को बोलोको और बोमेट के दो अलग-अलग स्थानों पर दर्ज किया गया है। बोलोको में तीन बच्चों की मौत हुई थी यह पाया गया कि उन्होंने चमगादड़ खाया था और 48 घंटों के भीतर उनकी मौत हो गई। वहीं बोमेट में 400 से अधिक लोग बीमार हो गए और कुछ में मलेरिया की पहचान की गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत रोगियों में बुखार, ठंड लगना, शरीर में दर्द और दस्त जैसे सामान्य लक्षण दिखाई दिए हैं। इसके अलावा गर्दन और जोड़ों में दर्द, पसीना आना और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण भी दिखे। 59 साल से कम उम्र के रोगियों को तेज प्यास लग रही थी, जबकि बच्चे लगातार रो रहे थे। शुरुआती जांच में इबोला जैसी बीमारियों की संभावना जताई गई थी, लेकिन बाद में उसे खारिज कर दिया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस बीमारी पर काम कर रहा है। मलेरिया, वायरल बुखार, खाने या पानी में विषाक्तता, टाइफाइड बुखार और मेनिन्जाइटिस जैसे संभावित कारणों की जांच की जा रही है। कांगो सरकार ने 14 फरवरी को इस वायरल बीमारी की जांच करने और इसके फैलने से रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम प्रभावित क्षेत्रों में भेजी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोलोको में पहले बच्चों में बीमारी के मामले आए थे, जिन्होंने चमगादड़ खाया था। इसके बाद से लोगों में चिंता बढ़ गई है कि यह बीमारी जानवरों से इंसानों में फैल सकती है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि पिछले एक दशक में अफ्रीका में इस तरह के मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है और इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग अब जंगलों और वन्यजीवों के करीब जाने लगे हैं।

## अमेरिका में अंडे खाने को तरसे लोग, आसमान छू रहे दाम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अंडों की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार, 2025 तक अंडों की कीमतें 41 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण 'बर्ड फ्लू' का प्रकोप है, जिसकी वजह से लाखों मुर्गियों को मारना पड़ा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा 'बर्ड फ्लू से लड़ने और अंडों की कीमत कम करने की अपनी योजना के बारे में बुधवार को पहली बार नया विवरण पेश करने के बाद स्थ्र ने 2025 में अंडे की कीमतों में इस वृद्धि का अनुमान जताया है।



2022 में बर्ड फ्लू फैलने के बाद से अब तक सरकार इस बीमारी से निपटने के लिए करीब 2 अरब डॉलर खर्च कर चुकी है। इसके अलावा, 1 अरब डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की योजना बनाई जा रही है।कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस ने कहा कि खेतों में जैव सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके। इसके तहत किसानों को खेतों में प्रवेश करने वाले वाहनों को सैनिटाइज करने, कर्मचारियों के लिए अलग-अलग कपड़ों का इस्तेमाल सुनिश्चित करने और उपकरणों को संक्रमण मुक्त रखने जैसे कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। बर्ड फ्लू के चलते अब तक 16.6 करोड़ से अधिक पक्षियों को मार दिया गया है, जिनमें से अधिकांश अंडा देने वाली मुर्गियां थीं। जनवरी का महीना अंडा उत्पादकों के लिए सबसे खराब रहा, जब 1.9 करोड़ मुर्गियों को मारना पड़ा। इसके कारण इस महीने अंडों की औसत कीमत बढ़कर 4.95 डॉलर प्रति दर्जन हो गई है। स्थ्र के अनुमान के अनुसार, अंडों की कीमतें अभी और बढ़ सकती हैं। पिछले महीने जहां 20 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया था, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 41 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस महंगाई से अमेरिकी उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लग सकता है।

## ट्रंप शासन में अब तक 20 हजार से अधिक अवैध प्रवासी पकड़े गए: अमेरिकी सरकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यभार संभालने के पहले महीने में 20,000 से अधिक अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया. होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने इसकी जानकारी दी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप प्रशासन ने उनके शपथग्रहण के तुरंत बाद ही इमिग्रेशन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था. पदभार संभालने के पहले कुछ सप्ताहों के दौरान प्रतिदिन गिरफ्तारियों की संख्या को सार्वजनिक कर दिया गया.

रिपोर्ट के अनुसार बाइडेन के कार्यकाल में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट की ओर से इस संबंध में की गई कार्रवाई के मुकाबले ट्रंप के शासन में कई गुना अधिक तेजी से कार्रवाई की गई. होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सचिव क्रिस्टी नोएम ने बुधवार को एक बयान में कहा, लाखों अपराधियों को अवैध रूप से इस देश में आने दिया गया. हम उन्हें घर भेज रहे हैं और उन्हें कभी वापस नहीं आने दिया जाएगा.

कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने गिरफ्तारियों की गति पर निराशा व्यक्त की है, जिसके परिणामस्वरूप 22 फरवरी को कार्यवाहक इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट निदेशक कालेब विटेलो को हटा दिया गया. मामले से परिचित कई लोगों के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पद के लिए विटेलो का चयन किया था. इससे पहले कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने पिछले 50 वर्षों में देश में सबसे कम संख्या में अवैध प्रवासियों के प्रवेश का रिकॉर्ड बनाया है.

उन्होंने कहा, हमें सीमा गश्ती दल और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट एजेंटों से भी जबरदस्त समर्थन मिल रहा है. वास्तव में हमने अपने देश में आने वाले अवैध विदेशियों और प्रवासियों की सबसे कम संख्या का रिकॉर्ड बनाया है।

# वेनेजुएला को ट्रंप का बड़ा झटका, तेल निकालने व निर्यात करने से जुड़ा परमिट होगा रद्द

**काराकास, एजेंसी।**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एलान किया ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी शेवरॉन कॉरपोरेशन को वेनेजुएला से तेल निकालने और निर्यात करने की अनुमति देने वाला अमेरिकी सरकार का परमिट इस सप्ताह समाप्त कर दिया जाएगा। इसके साथ ही दक्षिण अमेरिकी देश के लिए वित्तीय जीवनरेखा बन चुका यह परमिट भी समाप्त हो जाएगा।

ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर घोषणा करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार पर पिछले वर्ष जुलाई में हुए राष्ट्रपति चुनाव के लिए लोकतांत्रिक शर्तों को पूरा नहीं करने और निर्वासन के लिए तैयार वेनेजुएला के अप्रवासियों को वापस भेजने के लिए पर्याप्त तेजी से कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने लिखा, हम तेल लेनदेन समझौते पर वेनेजुएला के निकोलस मादुरो को चतुर जो बाइडन ने जो रियायतें दी थीं, उन्हें हम वापस ले रहे हैं। ट्रम्प के पोस्ट में विशेष रूप से कैलिफोर्निया स्थित शेवरॉन का उल्लेख नहीं था, न ही परमिट का, जिसे औपचारिक रूप से सामान्य लाइसेंस के रूप में जाना जाता है। यह लाइसेंस कंपनी को आर्थिक प्रतिबंधों से छूट देता है और इसे अमेरिका में वेनेजुएला के तेल का निर्यात और बिक्री करने की अनुमति देता है। लेकिन यह वेनेजुएला से संबंध रखने वाला एकमात्र लाइसेंस है, जिसके जारी होने और नवीनीकरण की जानकारी उन तारीखों से मेल खाती है, जिनका उल्लेख ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में किया था।

राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने 2022 में लाइसेंस को अधिकृत किया था, जब मादुरो ने लोकतांत्रिक चुनाव के लिए वेनेजुएला के राजनीतिक विपक्ष के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की थी। लेकिन जुलाई 2024 में होने वाला चुनाव न तो निष्पक्ष था और न ही स्वतंत्र, और मादुरो को पिछले महीने तीसरे छह



साल के कार्यकाल के लिए शपथ दिलाई गई, जबकि विश्वसनीय सबूत थे कि उनके प्रतिद्वंद्वी को अधिक वोट मिले थे।

बाइडन की सरकार ने महीनों तक वेनेजुएला के विपक्ष और अन्य लोगों द्वारा लाइसेंस रद्द करने के आह्वान का विरोध किया था कहा था कि उसका लक्ष्य लोकतंत्र की बहाली का समर्थन करना है। विपक्ष ने अनुमान लगाया है कि मादुरो की सरकार को परमिट के जरिए लगभग 4 बिलियन डॉलर मिले हैं, जिसे शनिवार को नवीनीकृत किया जाना था। समय के साथ, यह लाइसेंस वेनेजुएला के तेल उत्पादन के लगभग एक चौथाई के लिए जिम्मेदार बन गया है। शेवरॉन के प्रवक्ता बिल टुरेन ने एक बयान में कहा, हम आज की घोषणा से अवगत हैं और इसके निहितार्थों पर विचार कर रहे हैं। शेवरॉन वेनेजुएला में अपना व्यवसाय सभी कानूनों और विनियमों के अनुपालन में करता है, जिसमें अमेरिकी सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रतिबंध ढांचे भी शामिल हैं। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है और एक समय में इसने लैटिन अमेरिका की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था को शक्ति देने के लिए इसका इस्तेमाल किया था। लेकिन भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अंततः अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों के कारण उत्पादन में लगातार गिरावट आई। 2013 से अब तक 7.7 मिलियन से ज्यादा वेनेजुएलावासी अपना देश छोड़ चुके हैं, जब तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्था चरमरा गई और मादुरो राष्ट्रपति बन गए। ज्यादातर लोग लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में बस गए, लेकिन महामारी के बाद, उन्होंने अपना रुख अमेरिका की ओर किया। बुधवार की घोषणा को वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने हानिकारक और समझ से परे बताया। उन्होंने कहा कि इस फैसले ने मादुरो की सरकार की उम्मीद को खत्म कर दिया। यह उम्मीद 1 फरवरी को राजधानी कराकास में ट्रंप के दूत के दौरे के बाद बंधी थी। माना जा रहा था कि व्हाइट हाउस के साथ बेहतर संबंध बनने कोशिश चल रही है। उस यात्रा के कुछ समय बाद ही वेनेजुएला की सरकार ने अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को वापस लेना शुरू कर दिया था। रोड्रिगेज ने एक बयान में चेतावनी दी कि बुधवार को जैसा फैसला लिया गया उसी तरह के निर्णयों ने 2017 से 2021 तक पलायन को बढ़ावा दिया है, जिसके व्यापक परिणाम हुए। शेवरॉन, जिसने 1920 के दशक में पहली बार वेनेजुएला में निवेश किया था।,

## आईपीएल 2025 से पहले धोनी ने फैंस को अपने संन्यास की अफवाहों को हवा दी



चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 संस्करण से पहले अभी एक महीने का समय बचा है, ऐसे में भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक बार फिर आईपीएल से अपने संन्यास की अफवाहों को हवा दी है। हालांकि, पिछले मौकों से अलग इस बार यह अफवाह तब शुरू हुई जब धोनी ने अपने प्रशंसकों को एक अनोखे अंदाज में स्पष्ट संदेश भेजा। बुधवार को धोनी आईपीएल सीजन के 18वें संस्करण की तैयारी के लिए चेन्नई पहुंचे। चेन्नई सुपर किंग्स हर साल की तरह, 23 मार्च को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीजन के पहले मैच से पहले एक महीने के लिए चेपक में कैंप लगाएगी। हालांकि चेन्नई पहुंचने पर धोनी के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जब प्रशंसकों ने देखा कि उनकी टी-शर्ट पर एक कोडित संदेश लिखा हुआ है। मोर्स कोड में लिखा हुआ एक दूरसंचार विधि जिसमें डॉट्स और डैश की एक श्रृंखला का उपयोग किया जाता है, इसमें लिखा था, 'एक आखिरी बार।' इसने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को भावुक कर दिया। पिछले हफ्ते की शुरुआत में धोनी ने कहा था कि एक सक्रिय क्रिकेटर के रूप में इस खेल में उनके पास जो भी समय बचा है, वह एक बच्चे की तरह इसका आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं 2019 से रिटायर हो चुका हूं, इसलिए इसमें काफी समय लगेगा। इस बीच मैं जो कर रहा हूं, वह यह है कि मैं पिछले कुछ सालों में क्रिकेट का आनंद लेना चाहता हूं, आप जानते हैं, मैं खेल पाऊंगा। मैं इसका आनंद लेना चाहता हूं, जैसा कि मैं एक बच्चे के रूप में स्कूल में करता था। जब मैं एक कॉलोनी में रहता था, तो दोपहर 4 बजे खेल का समय होता था, इसलिए हम अक्सर क्रिकेट खेलने जाते थे। उन्होंने कहा, लेकिन अगर मौसम अनुमति नहीं देता है, तो हम फुटबॉल खेलते थे। मैं उसी तरह की मासूमियत के साथ खेलना चाहता हूं... (लेकिन यह) कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। बीसीसीआई ने 2021 में खत्म किए गए एक पुराने नियम को फिर से लागू किया है, जिसके अनुसार धोनी आईपीएल 2025 में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर खेलेंगे। नियम के अनुसार जिन भारतीय खिलाड़ियों ने पांच साल या उससे ज़्यादा समय तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, वे नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर शामिल हो सकते हैं।

# बिना मैच जीते पाकिस्तान -बांग्लादेश का सफर समाप्त

## बारिश के कारण मैच रद्द



रावलपिंडी (एजेंसी)। चैम्पियंस ट्रॉफी के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला 9वां मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। मौसम के पुर्वानुमान के अनुमार पहले ही चेतावनी जारी हो गई थी कि मैच रद्द होने की संभावना है। दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में दोनों के लिए इस मैच में कुछ खास नहीं बचा है। दोनों टीमों के पास अंतिम मैच जीतकर सम्मान बचाने का मौका भी नहीं मिला।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बाहर होने का मतलब है कि अब भारतीय टीम और न्यूजीलैंड क्वालिफाई कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड बेहतरीन रन रेट के साथ फिलहाल ग्रुप ए में टॉप पर हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला 2 मार्च को होना है जो दोनों टीमों के लिए सेमीफाइनल मुकाबले की प्रैक्टिस की तरह होगा।

रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में एक संतुलित पिच है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए फायदेमंद है। मैच की शुरुआत में तेज गेंदबाजों को अच्छी गति और उछाल मिलती है। लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, सतह समतल होती जाती है, जिससे बल्लेबाजों के लिए स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है।

इस स्टेडियम में 27 वनडे मैच खेले गए हैं जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 14 जीत हासिल की हैं और 12 में जीत का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है। पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ। इस स्थल पर सबसे अधिक स्कोर 337/3 है, जो पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।

बांग्लादेश ने यहां केवल दो मैच खेले हैं और दोनों में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने 22 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें से 13 में जीत मिली है।

**टीमें**

**पाकिस्तान** - कामरान गुलाम, फहीम अशरफ, मोहम्मद हसनैन और उस्मान खान को इस चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। पाकिस्तान इनमें से कुछ या सभी को शामिल करने पर विचार कर सकता है, क्योंकि इस मैच पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

**बांग्लादेश** - तंजीद हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मेहदी हसन मिराज, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), महमूदुल्लाह, जेकर अली, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, मुस्तफिजुर रहमान

# पाकिस्तान-इंग्लैंड समेत 3 टीमें टूर्नामेंट से बाहर

## भारत-न्यूजीलैंड अंतिम 4 में



दुबई (एजेंसी)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले हैं, और अब टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। 8 टीमों में से 3 टीमें पहले ही बाहर हो चुकी हैं, और अब बचे हुए 5 टीमों के बीच एक जबरदस्त जंग चल रही है। इस टूर्नामेंट में सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ, जब अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 8 रन से हराया और जोस बटलर की टीम को सेमीफाइनल की होड़ से बाहर कर दिया। इस जीत के बाद अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है और इसपर सभी की नजर बनी हुई है।

**ग्रुप स्टेज में कई उतार-चढ़ाव आए** - चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप स्टेज में कई उतार-चढ़ाव आए। सबसे पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। इन दोनों ही टीमों ने अपने पहले दो मुकाबले गंवा दिए, जिससे उनकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना खत्म हो गई। इसके बाद इंग्लैंड भी अफगानिस्तान से हारने के बाद सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो गया। इंग्लैंड को पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने धो दिया था, और अफगानिस्तान से हारने के बाद उनकी उम्मीदों को और भी धक्का लगा। इंग्लैंड का अगला मैच साउथ अफ्रीका से होना है, जिसमें इंग्लैंड के पास अंतिम मौका है, लेकिन उनकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बहुत कम है।

**भारत और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में** - चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप ए में भारत और न्यूजीलैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। दोनों टीमों के बीच अब एक और मुकाबला होगा, जो ग्रुप ए के टेबल टॉपर का निर्धारण करेगा। इस मैच में जो टीम जीतेगी, वह ग्रुप ए का टॉपर्स होगी, और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला बाकी टीमों से होगा। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं और अब उनका यह मुकाबला इस टूर्नामेंट का अहम मैच बन गया है।

- **साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक संघर्ष** - अब टूर्नामेंट के ग्रुप बी की बात करें तो यहां साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने की जंग चल रही है। इंग्लैंड को हराकर अफगानिस्तान ने 2 अंक अर्जित किए और अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। अब अफगानिस्तान का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से है, और जो टीम यह मुकाबला जीतेगी, वह सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों के पास 3-3 अंक हैं, और अब यह दोनों टीमें अगले मुकाबलों में अपनी जगह पक्की करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। साउथ अफ्रीका को इंग्लैंड से जीतने की जरूरत है, ताकि वे सेमीफाइनल में जगह बना सकें। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि अफगानिस्तान, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में से कौन अपनी पूरी ताकत लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाता है।

## अफगानिस्तान को अब कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा: जोनाथन ट्रॉट



लाहौर (एजेंसी)। मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान के चैंपियन्स ट्रॉफी में इंग्लैंड को हराकर यादगार जीत दर्ज करने के बाद उनकी टीम को कोई भी अन्य टीम हल्के में नहीं लेगी। इब्राहिम जादरान की शानदार 177 रन की पारी और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ आठ रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने करो या मरो के अगले मुकाबले से पूर्व ट्रॉट ने कहा कि अफगानिस्तान की टीम हाल ही में विश्व कप में इस टीम के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करेगी। ट्रॉट ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''जब से मैं कोच बना हूं, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन बार खेला है और हमने हर मैच में चुनौती दी है इसलिए हमें इससे बहुत आत्मविश्वास लेना चाहिए। उन्होंने कहा, 'और मुझे लगता है कि विश्व कप, टी20 विश्व कप में जो हुआ, मैं खिलाड़ियों से भी यही कहता हूं कि अफगानिस्तान को फिर कभी हल्के में नहीं लिया जाएगा। ट्राट ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जो भी मैच खेलेंगे वह प्रतिस्पर्धी होगा और हम जब भी मुकाबले में उतरेंगे तो मुझे जीत की उम्मीद होगी।


